सम्पादकीय

# प्रदूषण की सफेद झाग

राजधानी दिल्ली में प्रदूषण इस पराकाष्ठा तक पहुंच गया है कि यमुना नदी में पानी के स्थान पर ह्यसफेद झागह्ण उभर आई है। यह प्रदूषित और जहरीली झाग है। यमुना नदी इतिहास के पन्नों में खो गई है। वह अब या तो गंदा नाला है अथवा सफेद झाग का कोई गहरा। यमुना किनारे औद्योगिक इकाइयों के कचरे का अपशिष्ट नदी में गिर रहा है। आखिर इन इकाइयों को वहां से हटाया क्यों नहीं गया? प्रदूषण के कणों से मिलकर कचरा सफेद झाग में तबदील हो रहा है। कई बार ऐसा एहसास होता है मानो यमुना नदी की सतह पर सफेद बादल बन गए हों, लेकिन यह झाग दिल्ली के खतरनाक और जानलेवा पर्यावरण का प्रतीक है। यमुना भी एक राजनीतिक जुमला बन कर रह गई है। बीते 8 सालों के दौरान यमुना की सफाई पर करीब 6856 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह राशि केंद्र सरकार ने बजट के तौर पर दिल्ली सरकार को दी है। अर्द्धराज्य सरकार ने 1000 करोड़ रुपए से अधिक का उपकर ह्यप्रदूषण सेसह्ण भी दिल्लीवालों पर थोपा है। यह पूरी राशि कहां खर्च की गई, यमुना अब भी प्रदूषित और जहरीली क्यों है, तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सरेआम कहा था कि यमुना में डुबकी मारने की स्थिति न हो जाए, तो दिल्ली आम आदमी पार्टी को वोट मत देना, करदाता का पैसा कहां फूंक दिया गया, इन तमाम सवालों के जवाब केजरीवाल एंड कंपनी को देने ही होंगे। दिल्ली के गैस चैंबर में अदालतें भी मौजूद हैं। न्यायाधीश भी बसे रहने को अभिशप्त हैं। क्या वे आप सरकार को तलब करके ये सवाल नहीं पूछेंगे? यह सफेद झाग जानलेवा भी साबित हो सकता है। छठ पर्व की पूजा और स्नान के दिन बहुत दूर नहीं हैं। धार्मिक आस्था के लोग अब भी सफेद झाग की यमुना में अपने बच्चों का स्नान करवा रहे हैं। ऐसी तस्वीरें मीडिया में छपी हैं। या तो उन्हें सफेद झाग के जहरीले प्रभावों की जानकारी नहीं है अथवा वे धार्मिक तौर पर विवश हैं, लिहाजा उस सफेद झाग के संपर्क में हैं! ईश्वर न करे कि वे बच्चे बीमार हों, लेकिन कोई अनहोनी हो गई, तो क्या उसका अपराध दिल्ली सरकार पर चस्पा किया जाएगा? दरअसल यह राजनीतिक जमात इतनी बेशर्म क्यों है कि यमुना की सफाई तक नहीं कराई जा सकी, जबकि सरकार को पर्याप्त बजट दिया गया था? करीब 10 साल तक केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहे और यमुना की निर्मलता और विरलता के जुमले उछालते रहे, अंततः यमुना में जहरीली झाग पैदा हो गई। क्या लोकतंत्र में जवाबदेही की कोई गुंजाइश नहीं होती? चूंकि राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब और गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। एक दर्जन से अधिक हॉट स्पॉट ऐसे हैं, जहां वायु का स्तर 300-400 या उससे अधिक हो गया है। देश की राजधानी की ह्यहवाह्ण इतनी विषाक्त हो चुकी है कि आश्चर्य होता है। सांस घुटने लगा है, खांसी लगातार हो रही है, निमोनिया के केस भी आ रहे हैं, हार्ट अटैक अचानक होने लगे हैं। दिमागी बीमारियां भी उभर सकती हैं। जन्म लेने वाले शिशुओं के वजन कम हो सकते हैं। कुछ दीर्घकालीन बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं। क्या राजधानी में जिंदगी जीना इतना दूभर होता है? चिकित्सक आगाह कर रहे हैं कि सांस से जुड़ी बीमारियां और उनके मरीज 30-40 फीसदी बढ़ चुके हैं, लेकिन सरकार फिर भी चिंतित नहीं है। राजनीतिक जमात बीमार नहीं पड़ती! बेशक इस मुद्दे पर ह्यराजनीतिह्ण जरूर होनी चाहिए, क्योंकि नए जनादेश की तारीख भी बहुत दूर नहीं है।

# रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजारी ताकतों पर नियंत्रण जरुरी

**इसे सरकार की सकारात्मक पहल भी कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छहों फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की माने तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है।**






**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
लेखक

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि किसानों को कौन सी फसल लेना लाभकारी रहेगा इस पर सोच विचार कर निर्णय करने का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनके बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। इसे सरकार की सकारात्मक पहल भी कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छहों फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की माने तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष रुप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरें में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी गन्ना मिलों द्वारा की जाती है।


इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रमुखतः राज्यों में सहकारी संस्थाओं के नेटवर्क के माध्यम से एमएसपी की खरीद की जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश में सहकारी संस्थाओं का विस्तृत और सीधे काश्तकारों की पहुंच का नेटवर्क है। अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और फिर खरीद के बाद ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से पारदर्शिता आई है। पर सवाल अभी वहीं है कि जब तक बाजार में खासतौर से मण्डियों में एमएसपी फसलों के भाव घोषित एमएसपी दरों के समकक्ष नहीं आते तब तक खरीद जारी रहने से ही काश्तकारों को सही मायने में इस व्यवस्था का फायदा मिल सकता है। दुर्भाग्य की बात यह है कि पारदर्शी व्यवस्था में भी बिचौलियों ने सेंध लगा ली है और लाख प्रयासों के बावजूद छोटे किसानों को सब तो नहीं पर कुछ काश्तकारों को व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पाता। इसमें व्यवस्था का दोष इस मायने में हैं कि किसान को अपनी तात्कालीक व आवश्यक जरुरतों को पूरा करने के लिए साहूकार पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में काश्तकार अपनी फसल काश्तकार के नाम कर उससे अग्रिम राषि ले लेता है और बदले में काश्तकार के दस्तावेज से बिचौलियें लाभ उठा लेते हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं द्वारा व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत किया जाता रहा है। एक समय था जब न्यूनतम खरीद आरंभ होते ही मण्डी में भी भावों में तेजी आने लगती थी। पर अब ऐसा नहीं हो रहा है इसके कारण क्या है, इस पर विचार करना। दरअसल बिचौलियों ने एमएसपी खरीद व्यवस्था में सैंध लगा दी है। किसान से ही खरीद और ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद इस व्यवस्था का लाभ बिचौलिएं अधिक उठाने लगे हैं। सवाल यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फूलप्रुफ बनाना सुनिश्चित कर दे और सरकार द्वारा घोषित एमएसपी से मण्डियों में भाव नीचे जाते ही तत्काल खरीद आरंभ हो जाएं तो निश्चित रुप से अन्नदाता को इस व्यवस्था का पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। इसके साथ ही इस व्यवस्था में जिस तरह से सैंध लगाई गई है उसे रोकने के भी ठोस प्रयास किए जाने आवश्यक है। कहीं ना कहीं एक बार फिर से बाजार व्यवस्था का भी अध्ययन करना होगा। क्यों खरीद बंद होने के कुछ समय बाद ही जिंसों के भाव बढ़ने लगते हैं। हाल ही में गेहूं के भावों में बढ़ोतरी और हर साल एक समय विशेष पर आलू, प्याज, टमाटर के भाव का बढ़ जाना कहीं ना कहीं यह बताता है कि कमोबेस बाजार ताकतें अधिक शक्तिशाली है और वे ही डोमिनेट करती है। इसलिए एक और जहां एमएसपी की खरीद व्यवस्था में सुधार व किसानों को ही वास्तविक लाभ मिले इसके प्रयास करने की आवश्यकता है उसी तरह से बाजार की ताकतों पर भी नजर रखना जरुरी हो जाता है ताकि एक और तो काश्तकार को ठगा महसूस करने से बचाया जा सके और आम नागरिक भी ठगा हुआ महसूस ना कर सके। कहीं ना कहीं बाजार पर सरकार के नियंत्रण की आवश्यकता है नाकि बाजारु ताकतों के हाथ में छोड़ने की। ऐसा होने पर ही सही मायने में एमएसपी व्यवस्था का लाभ मिल सकेगा।


# गठबंधन धर्म की लाज फिर खतरे में

करवा प्रधान महिलाओं के देश में गठबंधन की लम्बी उम्र के लिए कोई व्रत करने वाला नजर नहीं आ रहा है। केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के लिए एकजुट हुए तमाम राजनीतिक दल एक बार फिर अपनी-अपनी ढपली बजाते नजर आ रहे है। महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा के साथ ही तमाम विधानसभाओं और लोकसभा के उपचुनावों को लेकर गठबंधन की गांठें शिथिल होती दिखाई दे रहीं हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए गठबंधन ने अपनी तमाम सीटों का न सिर्फ बँटवारा कर लिया है बल्कि उम्मीदवारों की घोषणा भी कर दी है, जबकि आईएनडीआईए गठबंधन अभी बैठकों से ही फारिग नहीं हो पाया है। महाराष्ट्र में भी कमोवेश यही हालात हैं। सीटों के बंटवारे और प्रत्याशियों कोई घोषणा में हो रही देर इंडिया गठबंधन को भारी पड़ सकती है, ये जानते हुए भी हर क्षेत्रीय दल कांग्रेस से सौदेबाजी करने में लगा है। हकीकत ये है कि देश में आज ऐसा कोई क्षेत्रीय दल नहीं है जो कांग्रेस को साथ लिए बिना भाजपा को चुनौती दे सके। सौदेबाजी में कांग्रेस का कम लेकिन क्षेत्रीय दलों का ज्यादा नुक्सान होने वाला है। देश की राजनीति में अब भाजपा कोई किंवदंती नहीं बल्कि एक हकीकत है। भाजपा का एजेंडा भले ही आपको या मुझे रास न आये किन्तु ये सच है कि उसने बीते एक दशक में सत्ता में टिके रहना सीख लिया है। धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है और सत्ता के दरबार में भाजपा ने जिस तरह से अपने आपको अंगद के पैर की तरह स्थापित किया है, उसे कोई चुनौती नहीं दे पा रहा है। अलबत्ता आम चुनावों में सबने मिलकर भाजपा की सत्ता को हिलाने की अभिनव कोशिश की थी। गनीमत है कि बिहार विधानसभा की 4 सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में आईएनडीआईए गठबंधन के बीच सीटों का बँटवारा सौहार्दपूर्ण तरीके से हो गया। यहां 3 सीटें राजद और एक सीट माकपा (माले) को मिली है। कांग्रेस के लिए मप्र में कोई समस्या पहले से ही नहीं थी, लेकिन महाराष्ट्र में सीटों का बंटवारा अभी तक अधर में है। महाराष्ट्र में महाराष्ट्र विकास अगाडी की गाडी सीटों के बंटवारे को लेकर आगे ही नहीं बढ़ रही है। शिवसेना (ठाकरे) गुट और कांग्रेस में बात बन नहीं रही है और ऐसा लगता है कि ये गठबंधन बिखर जाएगा, लेकिन यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस को तो कोई नुक्सान नहीं होने वाला लेकिन उद्धव ठाकरे की फजीहत हो जाएगी। शरद पंवार साहब की एनसीपी भी अकेले दम पर भाजपा को रोकने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में इन तीनों प्रमुख घटकों को हिकमत अमली से फैसला करना पडेगा। अब ये महाराष्ट्र विकास अगाडी को तय करना है की वे अपने और महाराष्ट्र के हित में झुकते हैं या नहीं? महाराष्ट्र जैसी ही दशा उत्तर प्रदेश विधानसभा की 10 सीटों के लिए होने वाले उपचुनावों को लेकर है। यहां कांग्रेस कम से कम 5 सीटें चाहती है और समाजवादी पार्टी शायद इसके लिए राजी नहीं है /आपको याद है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन के चलते ही आम चुनावों के दौरान भाजपा के अश्व्मेद्ध को उत्तर प्रदेश में रोका जा सका था, अन्यथा न सिर्फ खुद के लिए 370 सीटें हासिल करती अपितु 400 पार भी कर लेती तो कोई हैरानी न होती।

# नेट पर बढ़ती निर्भरता शोध के दायरे को सीमित कर सकती है...

**शिक्षा और अनुसंधान में भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए पीएचडी प्रवेश के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है-जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और अकादमिक अनुसंधान में योगदान करने की क्षमता को महत्व देता है। व्यापक प्रवेश प्रक्रिया को अपनाकर, भारत अपने प्रतिभाशाली दिमागों को बरकरार रख सकता है, उच्च शिक्षा तक समावेशी पहुँच सुनिश्चित कर सकता है और अकादमिक अनुसंधान में विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रह सकता है। वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए, भारत को एक समग्र प्रवेश प्रक्रिया अपनानी होगी जो अनुसंधान में नवाचार, रचनात्मकता और विविध दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है।**





**प्रियंका सौरभ**
लेखक

नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट जिसे यूजीसी नेट या एनटीए-यूजीसी-नेट के रूप में भी जाना जाता है, कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर के लेक्चररशिप के लिए योग्यता और भारतीय नागरिकों के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार के लिए निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। इसका उद्देश्य शिक्षण व्यवसायों और अनुसंधान में प्रवेशकों के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता या केवल जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की योग्यता के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों दोनों में भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए परीक्षण आयोजित करती है। पारंपरिक रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और सहायक प्रोफेसरशिप पात्रता के लिए उपयोग की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अब भारत में पीएचडी प्रवेश के लिए एक प्रमुख मानदंड बन गई है। इस बदलाव ने अकादमिक समुदाय के भीतर इस चिंता के कारण काफी बहस छेड़ दी है कि क्या परीक्षण वास्तविक शोध क्षमता की पहचान करने के लिए उपयुक्त है। नेट एक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा है जो मुख्य रूप से स्मृति और याददाश्त जैसी निचले क्रम की संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करती है। ये क्षमताएँ कुछ संदर्भों में उपयोगी हैं लेकिन डॉक्टरेट स्तर के अनुसंधान के लिए आवश्यक महत्त्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल का मूल्यांकन करने में कम पड़ जाती हैं। पीएचडी अनुसंधान जटिल विचारों, मौजूदा ज्ञान के महत्त्वपूर्ण विश्लेषण और मूल अंतर्दृष्टि में योगदान करने के लिए रचनात्मकता की मांग करता है, विशेष रूप से साहित्य, सामाजिक विज्ञान और मानविकी जैसे विषयों में तथ्यात्मक स्मरण और तुच्छ प्रश्नों पर नेट का ध्यान उम्मीदवारों की प्रदर्शन करने की क्षमता को कमजोर करता है। सूक्ष्म तर्क विकसित करने और व्यापक सैद्धांतिक अवधारणाओं के साथ जुड़ने की उनकी क्षमता। नेट स्कोर पर निर्भरता से हाशिए पर रहने वाले समुदाय असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इन छात्रों को अक्सर प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जैसे संसाधनों तक सीमित पहुँच और उच्च लागत वाली कोचिंग, जो नेट पास करने के लिए तेजी से आवश्यक होती जा रही हैं। परिणामस्वरूप, इन पृष्ठभूमियों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के बावजूद पीएचडी कार्यक्रमों से बाहर रखा जा सकता है। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के केंद्रीकरण से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खतरा है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालयों को अपने शोध प्रस्तावों, साक्षात्कार और अनुशासन-विशिष्ट परीक्षणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करने की स्वतंत्रता है। यह स्वायत्तता संस्थानों को उन उम्मीदवारों को भर्ती करने की अनुमति देती है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से प्रवेश को केंद्रीकृत करने से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान के लिए महत्त्वपूर्ण विविधता और नवाचार के क्षीण होने का जोखिम होता है, जैसे कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) ने पहले ही भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में चिंता जताई है। नेट प्रणाली छात्रों को डॉक्टरेट अनुसंधान की कठोरता के लिए तैयार नहीं करती है। पीएचडी उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे मूल अंतर्दृष्टि प्रदान करें, सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित करें और विद्वानों के प्रवचन में संलग्न हों-प्रतिभाशाली छात्रों का विदेश में पलायन पीएचडी कार्यक्रमों के लिए संस्थानों को घरेलू प्रणाली की सीमाओं के लिए ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है, जहाँ मानकीकृत परीक्षण पर जोर को रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबाने के रूप में देखा जाता है। नेट पर बढ़ती निर्भरता अनजाने में भारत में शोध के दायरे को सीमित कर सकती है। अनुसंधान विचार, कार्यप्रणाली और परिप्रेक्ष्य की विविधता पर पनपता है। नेट जैसे मानकीकृत परीक्षण, जो आलोचनात्मक सोच पर याद रखने को प्राथमिकता देते हैं, ऐसे विद्वान पैदा कर सकते हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण करने में माहिर हैं लेकिन ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता का अभाव है, पूछताछ की यह संकीर्णता नवाचार और मूल विचारों के विकास, दोनों को सीमित कर सकती है शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के कई शीर्ष विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश के लिए समग्र दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं। इसमें उम्मीदवार के शोध प्रस्ताव, व्यक्तिगत बयान, अनुशंसा पत्र और अकादमिक इतिहास की विस्तृत समीक्षा शामिल है, जर्मनी में छात्र स्नातक अध्ययन से सीधे पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश कर सकते हैं, बशर्ते वे असाधारण शोध क्षमता और अकादमिक प्रदर्शन प्रदर्शित करें) ) विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को पीएचडी कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करना। आवेदकों का मूल्यांकन अनुसंधान में विभिन्न दृष्टिकोण लाने की उनकी क्षमता के आधार पर किया जाता है, जिसे अंतःविषय अध्ययन के लिए मूल्यवान माना जाता है। स्वीडन, फिनलैंड और डेनमार्क जैसे देशों में, विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग भागीदारों के साथ सहयोग करते हैं कि पीएचडी उम्मीदवार वास्तविक दुनिया के साथ अनुसंधान परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। एप्लिकेशन।




# वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के मौके

डॉ जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे। इसी तरह हाल ही में वर्ल्ड बैंक के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट अक्टूबर 2024 में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच चीन के प्रोत्साहन उपायों के बावजूद चीन की अर्थव्यवस्था सुस्त होगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वर्ष 2024 में चीन की विकास दर घटकर 4.0 फीसदी होगी। जबकि भारत की विकास दर 6.3 फीसदी से अधिक रहेगी। वस्तुतः भारत के पास उपभोक्ताओं का उभरता हुआ विशाल बाजार, युवाओं में जबरदस्त ढंग से आगे बढे की ललक, उद्यमिता की भावना और सुधार का रवैया वैश्विक संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए नए अवसरों का आधार है। गौरतलब है कि विगत 4 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रूस-यूक्रेन और इजराइल-ईरान युद्ध की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। मोदी ने कहा कि दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। दुनिया में भारत ग्लोबल फिनटेक एडाप्शन के मामले में पहले क्रम पर है। इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दूसरे क्रम पर है। स्टार्टअप के मामले में तीसरे क्रम पर है और नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में चौथे क्रम पर है। इतना ही नहीं, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और मूडीज जैसी वैश्विक एजेंसियां वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत को दुनिया की सबसे विश्वसनीय और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ निवेश के पसंदीदा देश के रूप में देख रही हैं। यद्यपि इस समय पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट का दौर बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास और तेज विकास के मद्देनजर देसी उद्यमियों के साथ वैश्विक उद्यमियों के लिए भी बढ़ते अवसरों का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि हाल ही में दुनिया की ख्याति प्राप्त वित्तीय सेवा फर्म मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि सितंबर 2024 के दौरान भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए खुद को निवेश की पसंदीदा जगह बना लिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी नई रिपोर्ट 2024 में कहा है कि भारत आर्थिक विकास, विदेशी निवेश और नई तकनीकों के उपयोग की ऊंची संभावनाओं वाला देश है। अमेरिका चैंबर ऑफ कॉमर्स की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में अमेरिका की कंपनियों की वैश्विक निवेश पसंदगी में भारत का दूसरा स्थान है। इस समय चीन अमेरिकी निवेशकों की प्राथमिकता खोता जा रहा है। इतना ही नहीं, अमेरिका और चीन में बढ़ते तनाव के माहौल में इस समय चीन में कार्यरत 12 लाख करोड़ रुपए निवेश वाली 50 अमेरिकी कंपनियां अपना कारोबार चीन से समेटने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों में से 15 कंपनियां भारत में निवेश की तैयारी कर रही हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि विगत 23 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क में एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक तकनीकों पर काम करने वाली 15 प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बहुआयामी क्षेत्रों में दुनिया के लिए अपार आर्थिक मौके हैं। साथ ही भारत के प्रति अपार आशावाद भी भारत को प्रगति की डगर पर आगे बढ़ा रहा है। बौद्धिक संपदा की सुरक्षा, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी तथा विनिर्माण क्षेत्र को ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए भारत रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत पिछले तीन लगातार वर्षों से 7 प्रतिशत से अधिक की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इस समय भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# राज्य के पहले ड्राई पोर्ट और इनलैंड कंटेनर डिपो का किया गया उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार मे ऑद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से राज्य के पहले ड्राई पोर्ट और इनलैंड कंटेनर डिपो का उद्घाट। बिहार सरकार के उद्योग और पर्यटन विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा द्वारा 21 अक्टूबर 2024 को बिहटा में सम्पन्न हुआ। यह डिपों, प्रिस्टिन मगध इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया है जो कि बिहार के औद्योगिक परिवर्तन में एक मील का पत्थर है। यह कार्यक्रम, श्री अजय सक्सेना, आईआरएस, प्रधान मुख्य आयुक्त कस्टम्स-पटना जोन, श्री जयंत कुमार चौधरी, आई.आर.एस.सी., मण्डल रेल प्रबन्धक, दानापुर डिवीजन इस्ट सेन्ट्रल रेलवे, बन्दना प्रेयषी, आईएएस, सचिव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार एवं श्री आलोक रंजन घोष, आईएएस, निदेशक, उद्योग विभाग, बिहार सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



बिहार, एक कृषि प्रधान राज्य होने के साथ-साथ बहुव्यापी विकास और औद्योगीकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। राज्य में उत्पादित मक्का, लीची, चावल जैसी कृषि उपज के साथ-साथ पैक्ड फूड, स्पंज आयरन और वेस्ट पेपर जैसी वस्तुएं भी प्रमुख निर्यात और आयात का हिस्सा बन गई है। ये उत्पाद न केवल राज्य की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिहार की उपस्थिति को भी मजबूत कर रहे है। इसके चलते बिहार अब केवल एक कृषि राज्य नहीं, बल्कि एक उभरता हुआ औद्योगिक केन्द्र भी बनता जा रहा है। अब तक बिहार में जिन निर्यातकों और आयातको को अपने राज्य से हजारों किलोमिटर दूर बंदरगाहों या दूसरे राज्यों में कस्टम्स क्लीयरेंस करवाना पड़ता था। अब वह आई०सी०डी. बिहटा के प्रारम्भ होने से, यहाँ होने वाली कस्टम्स क्लीयरेंस की सुविधाओं से अपने आप को वैश्विक बाजारों में स्थापित कर और प्रतिस्पर्धा पूर्वक भाग ले सकेंगे।

आई.सी.डी. बिहटा को वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, भारत सरकार के तहत एक अंतदेर्शीय कंटेनर डिपो के रूप में अनुमोदित किया गया है, जिसका सीमा शुल्क लोकेशन कोड क्छइळअ6 है। आई. सी.डी. बिहटा रेल द्वारा कोलकाता पोर्ट, हल्दिया, विशाखापटनम्, नाहवा शेवा, मुंद्रा और अन्य प्रमुख बंदरगाहों से जुड़ा हुआ है और आधुनिक भण्डारण (गोदाम), सीमा शुल्क निकासी और परिवहन सेवाओं को प्रदान करते हुए राज्य के आयातकों और निर्यातकों के लिए वन स्टॉप साल्यूशन के तर्ज पर कार्य करेगा।

प्रिस्टिन मगध, प्रिस्टिन लॉजिस्टिक्स एंड इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है, जिसके पास कानपुर, लुधियाना, पटना, सिलीगुड़ी, बीरगंज, नेपाल में एक्ट्र और घरेलू गार्गों के लिए रेल लिंक्ड टर्मिनल्स को स्थापित करने एवं संचालन करने का व्यापक अनुभव है। प्रिस्टिन लोजिस्टिक्स एक कंटेनर ट्रैन ऑपरेटर के रूप में देश के अग्रणी लोजिस्टिक्स कम्पनियों में से एक है जिसके पास रेल मंत्रालय, भारत सरकार से श्रेणी-1 लाइसेंस (पैन इंडिया एक्सेस) है।

## जदयू में शामिल हुई वीणा मानवी, मिलन समारोह में संजय झा ने दिलाई सदस्यता



प्रातः किरण संवाददाता

गया। बिहार उप चुनाव से पहले जदयू पार्टी को मजबूत करने में जुटी हुई है. आज जदयू कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता वीणा मानवी ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की. वीणा मानवी के साथ विजय गुप्ता और बड़ी संख्या में लोगों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की. बता दें कि, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई इस मौके पर संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री शिला मंडल सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. है इस अवसर पर राष्ट्रीय टीम की अरुणीमा कुमारी,दिपशिखा सिंह, डॉ आदित्य कुमार,फाइमा खातुन, चंदन जयसवाल, सचिन राजपूत, पप्पू जयसवाल, अर्पणा शर्मा,मनिष सिंह, धीरज,सेवता शाही,काफी संख्या में महिला विकास मंच के लोग उपस्थिति दर्ज कराई।

## अश्वनी कुमार तीसरी बार बने ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष

प्रातः किरण संवाददाता

गया।ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाऊंडेशन बिहार प्रदेश इकाई द्वारा बीते दिनों पूरे बिहार में संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए नए सिरे से नई राज्य कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है।जिसमें मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शोधार्थी छात्र अश्वनी कुमार को ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन के गया जिला इकाई का तीसरी बार जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।खुदा बख्श ओरिएंटल लाइब्रेरी के पुस्तकालयध्यक्ष अफरोज अहमद, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास चंद्र सिंह,पटना विश्वविद्यालय लाइब्रेरी में कार्यरत निलेश कुमार एवं पटना जिला अध्यक्ष हर्षित राज ने 38 जिलों के जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर इसकी सूचना दी। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण भाव को देखते हुए अश्वनी कुमार को पुनः जिम्मेदारी दी है।

## अपने-अपने क्षेत्रों में भाजपा की योजनाओं को फैलाए: डॉ मनीष पंकज मिश्रा



प्रातः किरण संवाददाता

गया।भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत गया विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय सदस्य बनाया गया है।इस अवसर पर गया जिला किसान मोर्चा सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता मैं सक्रिय सदस्यता ग्रहण किया है इस अवसर पर उन्होंने सदस्यता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के लाभों के बारे में जानकारी दी है। राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि भाजपा हमेशा से किसानों और युवाओं के हित में काम करती आई है और उनकी समस्याओं को समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा ने

नए सदस्यों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराते हुए कहा कि भाजपा का हर सदस्य पार्टी की मजबूती में योगदान देता है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भाजपा की योजनाओं को फैलाएं और अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता लेने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर कहा कि इस तरह के सदस्यता अभियान से पार्टी को न केवल नया बल मिलेगा, बल्कि लोकतंत्र में भी लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हर सदस्य को अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा और पार्टी को सशक्त बनाने में सक्रिय रहना होगा। उनके नेतृत्व में यह अभियान सफल रहा, और कई नए सदस्यों ने भाजपा का हाथ थामा।आज के सदस्यता में जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव संतोष ठाकुर राणा रणजीत सिंह महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता आदि थे।

## विकास पथ विक्रम ने कहा बाल विवाह मुक्त गांव बनाए 2030 तक देश से बाल विवाह का खात्मा सुनिश्चित करेगा

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। विकास पथ विक्रम ने शीर्ष अदालत के फैसले पर कहा बाल विवाह अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने के अधिकार का हनन। गैरसरकारी संगठन ह्यसेवा और कार्यकर्ता निर्मल गोराना की याचिका पर आया फैसला, दोनों ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सदस्य और सहयोगी -विकास पथ विक्रम ने कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा, यह फैसला 2030 तक देश से बाल विवाह का खात्मा सुनिश्चित करेगा। बाल विवाह मुक्त भारत 200 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है जिसने अकेले 2023-24 में पूरे देश में 120,000 से भी ज्यादा बाल विवाह रुकवाए और 50,000 बाल विवाह मुक्त



गांव बनाए। देश में बाल विवाह कानून पर एक ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून के प्रभावी तरीके से कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि बाल विवाह अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने के अधिकार को छीनता है। ह्यबाल विवाह मुक्त भारतह्ण अभियान के सहयोगियों सोसाइटी फॉर एनलाइटेनमेंट एंड वालंटरी एक्शन (सेवा) और कार्यकर्ता निर्मल गोरानी की याचिका पर आए इस फैसले का स्वागत करते हुए गैरसरकारी संगठन विकास पथ विक्रम ने कहा, ह्लसुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से देश में बाल विवाह के खात्मे के प्रयासों को मजबूती मिलेगी और हम राज्य सरकार से अपील करते हैं कि वह इन दिशानिर्देशों पर तत्काल प्रभाव से अमल करे ताकि 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। विकास पथ विक्रम देश के 200 से ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन बाल विवाह मुक्त भारत (सीएमएफआई) अभियान का एक अहम सहयोगी है जो 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए 400 से ज्यादा जिलों में जमीनी अभियान चला रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने फैसले में कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए), 2006 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार व प्रशासन को बचाव-रोकथाम-अभियोजन रणनीति के साथ समुदाय आधारित दृष्टिकोण के साथ काम करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी दिशानिर्देशों में स्कूलों, धार्मिक संस्थाओं और पंगचायतों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता के प्रसार का अहम औजार बताते हुए बाल विवाह की ज्यादा दर वाले इलाकों में स्कूली पाठ्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित उपायों की जानकारियां शामिल करने को कहा गया है। खंडपीठ गैरसरकारी संगठन सेवा और कार्यकर्ता निर्मल गोराना की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## बेलागंज से विश्वनाथ कुमार सिंह को दिया सिम्बल, मां बेला काली का किया पूजन



प्रातः किरण संवाददात

गया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के मार्गदर्शन एवं नेता तेजस्वी यादव के निर्देश पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने महागठबंधन के सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि महागठबंधन पूरी एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में जायेगी। सभी दोनो उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। जिसमें इमामगंज से रौशन कुमार मांझी उर्फ राजेश मांझी राजद,बेलागंज से विश्वनाथ कुमार सिंह राजद, बेलागंज प्रत्याशी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबडी देवी से आशिर्वाद लिए एवं सिब्बल लेकर मां बेला काली का दर्शन किया एवं विधिवत पूजा अर्चना किए और जीत का आशीर्वाद प्राप्त किया है आगमी गुरुवार को नामांकन करेगे बेला प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह।

इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है और जनता के हितों के खिलाफ काम कर रही है। बिहार में जनता बदलाव चाहती है और लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। चारों विधान सभा के सीटों पर महागठबंधन की जीत होगी।

इस अवसर पर राजद के संसदीय दल के नेता सह औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा थे।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर बंदी बने आत्मनिर्भर

### उपकारा शेरघाटी में बंदियो के लिए शुरू हुआ प्लंबर की ट्रेनिंग

प्रातः किरण संवाददात

शेरघाटी। उपकारा में सोमवार को प्लंबर का प्रशिक्षण शुरू हुआ। शेरघाटी एसडीओ सारा अशरफ ने दीप प्रज्वलित कर 15 दिवसीय प्लंबर प्रशिक्षण की शुरूआत की।

इस दौरान उन्होंने बंदियो को संबोधित करते हुए कहा की यहां दी गए ट्रेनिंग को अपने जीवन में अपने और जब कारा से मुक्त होकर बाहर जाएं तो आत्मनिर्भर बनने के लिए इसका इस्तेमाल करें। सबसे पहले एसडीओ का उपकार पहुंचते ही गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



इसके बाद वह 40 बंदियो को एक साथ प्रशिक्षण देने के लिए स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। अधीक्षक सतीश कुमार सिंह ने इस प्रशिक्षण की शुरूआत के लिए शेरघाटी एसडीओ के साथ सिद्धार्थ कंप्रेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष विवेक कुमार कल्याण, कल्याण एंपोरियम के निदेशक कृष्ण कल्याण को धन्यवाद दिया। जिनके कारण यह प्रशिक्षण की शुरूआत हो पाई। वही विवेक कल्याण ने कहा की कारा के बंदियो के लिए भविष्य में भी अगर किसी प्रकार की प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ी तो उनकी संस्था बंदियो को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रशिक्षण देगी। इस मौके पर अधीक्षक ने एसडीओ को पौधा देकर सम्मानित किया। वहीं विवेक कल्याण ने खादा व विद्यालय के बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर प्रभारी उपाधीक्षक अभिषेक कुमार सिंह कारा के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हिदायतुल्लाह पालवी, डॉ हर्ष राज, सिद्धार्थ कंप्रेशन ट्रस्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर आरती कुमारी, रजत कुमार, निखिल कल्याण, आसिफ रजा, प्रशिक्षक विक्की कुमार, अशोक कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

## छः दिवसीय उदय शंकर नृत्य शैली के प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

प्रातः किरण संवाददात

गया।किलकारी बिहार बाल भवन गया में छः दिवसीय उदय शंकर नृत्य शैली के प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को हुआ है। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया, जिसमें नृत्य गुरु जितेंद्र चौरसिया और उनके सहायक विशाल कुमार ने प्रशिक्षण दिया है। इस मौके पर जितेंद्र चौरसिया ने उदय शंकर की नृत्य शैली पर विचार साझा करते हुए कहा कि नृत्य जीवन की एक महत्वपूर्ण कला है जो मन को रंग देती है। उन्होंने उदय शंकर को याद करते हुए कहा कि वे नृत्य और अन्य कलाओं के बीच एक सामंजस्य स्थापित करने में निपुण थे, जिसमें उन्होंने भारतीय और पश्चिमी नृत्य शैलियों का संयोजन किया गया है।इस समापन समारोह में बच्चों ने ओम नमः शिवाय पर एक नृत्य प्रस्तुत किया और साथ ही आधुनिक गीतों पर भी प्रदर्शन किया गया है। इस कार्यक्रम में मिथिला चित्रकला की प्रमुख हस्तियां , पद्मश्री शांति देवी और दुलारी देवी के अलावा कई अन्य राष्ट्रीय और राज्य स्तर के कलाकार भी उपस्थित रहे हैं।

## जन शिक्षण संस्थान वंचित अरवल द्वारा किया गया परीक्षा का आयोजन



प्रातः किरण संवाददात

कुर्था (अरवल) जन शिक्षण संस्थान वंचित अरवल द्वारा कुर्था प्रखंड के हिंदुस्तान शिक्षण संस्थान में हेल्पर इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन तथा असिस्टेंट ड्रेस मेकर परीक्षा संपन्न किया गया जिसमे 20 महिला अभ्यर्थी एवं 20 पुरुष अभ्यर्थियों ने भाग लिया कौशल विकास उद्यमित मंत्रालय भारत सरकार द्वारा परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जयकुमार एवं बटेश्वर चौबे द्वारा परीक्षा ली गई, ऑब्जर्वर रोशन कुमार द्वारा सभी बच्चों को निगरानी में परीक्षा लिया गया उक्त कार्यक्रम अरवल जिले के सभी प्रखंड में सभी ग्राम पंचायत में कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो भी गरीब परिवार पैसे के अभाव में अपने बच्चों को टेक्निकल प्रशिक्षण नहीं दे पाते हैं उसे लोगों के लिए बेहतरीन मौका है प्रखंड अनुदेशक वीरेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी एवं निधि कुमारी, कलावती देवी, कुंदन कुमार सुजीत कुमार संजय कुमार, रीता देवी सोनी कुमारी मीना कुमारी, राजू साहू अमित कुमार सूरज कुमार अंबुज कुमार राम मुरारी दास उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को संपन्न किया।

## टाटा साल्ट ने बच्चों में आईडीडी से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। विश्व आयोडीन की कमी दिवस (डब्ल्यूआईडीडी) पर टाटा साल्ट ने देश भर के बच्चों में आयोडीन की कमी से जुड़ी बीमारियों (आईडीडी) से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। पहले राष्ट्रीय ब्रांड वाले आयोडीन युक्त नमक के रूप में कंपनी आयोडीन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और लाखों भारतीय परिवारों के लिए एक भरोसेमंद नाम बन गया है। अपनी निरंतर गुणवत्ता के लिए जाने जाने वाले टाटा साल्ट ने पूरे देश में आयोडीन युक्त नमक को सुलभ बनाया है, जिससे समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिली है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की अध्यक्ष (पैकेज्ड फूड्स-इंडिया) दीपिका भान ने कहा कि हम आयोडीन की कमी की चुनौतियों से निपटने में मदद करने के लिए सही मात्रा में आयोडीन युक्त आयोडीन युक्त नमक उपलब्ध कराने के लिए समर्पित हैं। भारत आयोडीन सर्वेक्षण 2018-19 के बाद, जिसमें पता चला कि केवल 55% आबादी को आयोडीन युक्त नमक के लाभों के बारे में पता है।

## बैजनाथ कुमार ने एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी से पाई मास्टर डिग्री, चुनाव प्रबंधन, राजनीतिक सलाकार और समाज सेवा में निभा रहे अहम भूमिका




प्रातः किरण संवाददाता

गया।चतरा के बैजनाथ कुमार को पुणे स्थित डॉ. विश्वनाथ कराड टक्ळ वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी से मास्टर इन पॉलिटिकल लीडरशिप एंड गवर्नमेंट की डिग्री प्रदान की गई। उन्हें यह डिग्री से विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में सम्मानित की गई, जहां उन्होंने नेतृत्व, सरकार और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्रों में गहन अध्ययन किया। इस शिक्षा ने उन्हें न केवल राजनीति बल्कि सामाजिक और चुनावी रणनीतियों में भी कुशल बना दिया है।बैजनाथ कुमार एक कुशल राजनीतिक सलाहकार के रूप में भी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने विभिन्न चुनाव अभियानों में अपनी भूमिका निभाई और उम्मीदवारों को चुनाव प्रबंधन और रणनीति बनाने में मार्गदर्शन दिया है। उनके नेतृत्व में किए गए प्रयासों ने कई राजनीतिक अभियानों को सफलता दिलाई है।सामाजिक सेवा के क्षेत्र में, वे ह्यरोटी बैंक चतरा और ह्यमानव सेवा भारती के संस्थापक हैं। रोटी बैंक के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन, कपड़ा उपलब्ध कराना, जबकि मानव सेवा भारती के जरिए शिक्षा, गरीबों की सहायता और समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण हेतु विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहे है।

## परिवारवाद से छुटकारा पाने के लिए इमामगंज एवं बेलागंज में जन सुराज को वोट दें: डॉ बीडी शर्मा



गया।इमामगंज एवं बेला विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज के प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील प्रदेश संविधान समिति के सदस्य और बेलागंज विधानसभा चुनाव अभियान समिति के सदस्य डॉ बीडी शर्मा ने किया है।उन्होंने बेलागंज के कोरमथु,तुरी समसारा, पाईविगहा आदि पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाकर आम मतदाताओं से जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के हाथों को मजबूत बनाने के लिए अपना बहुमूल्य मत इमामगंज के प्रत्याशी डॉ जितेंद्र पासवान एवं बेलागंज के प्रत्याशी प्रो खिलाफत हुसैन को देने की अपील की है। उन्होंने परिवारवाद पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि इमामगंज एवं बेलागंज में एनडीए एवं महागठबंधन ने परिवारवाद की परंपरा को कायम करते हुए प्रत्याशी दिया है। इन दोनों पार्टियों ने कर्मठ एवं समर्पित कार्यकताओं को अनदेखी कर अपेक्षा किया है,जिसे जनता चुनाव में कभी माफ नहीं करेगी। डॉ बीडी शर्मा ने बताया कि जन सुराज ने सही लोग, सही सोच और सामूहिक प्रयास से एक स्वच्छ, काबिल, पढ़े- लिखे,जुझारू एवं कर्मठ उम्मीदवार देने का काम किया है। आप सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील है कि जन सुराज के पक्ष में अपना बहुमूल्य मत दे।

## बदलो बिहार न्याय यात्रा के तहत कुर्था पहुंचे भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था(अरवल) न्याय पूर्ण नए बिहार के निर्माण के लिए भाकपा माले के तत्वाधान में बदलो बिहार न्याय यात्रा का शुभारंभ किया गया है उक्त पदयात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार व राज्य सरकार को अपनी विभिन्न मांगो को रखने का काम किया जा रहा है उक्त बातें बदलो बिहार न्याय यात्रा के तहत सोमवार को कुर्था पहुंचे भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में कहीं साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र और बिहार की सरकार मनमाने तरीके से कार्य कर आम जनों को परेशान कर रही है। गरीबों को सरकारी वादा के अनुसार दो लाख रुपए और 5 डिसमिल आवास भूमि और पक्का मकान देने की बात कही गई थी लेकिन



अब तक पूरा नहीं किया गया। दूसरी तरफ सुशासन की पोल खोलती दलित गरीब महिलाओं अल्पसंख्यकों पर जारी हिंसा भी अनवरत जारी है। जमीन सर्वे के नाम पर गरीबों को बेदखल किया जा रहा है उन्होंने कहा कि जब तक गरीबों के पास आवास जोत की भूमि और बटाईदार के कायमी व पुश्तैनी हक की गारंटी नहीं होती है और सभी लोगों की जमीन के कागजात दुरुस्त नहीं हो जाते तब तक सर्वे पर रोक लगाया जाए।खून चुसवा मशीन स्मार्ट मीटर से जनता बेहाल और कंपनी मालामाल हो रही है स्मार्ट मीटर नहीं बल्कि खून चूस्वा मशीन है उन्होंने सरकार से मांग की है कि स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता खत्म किया जाए। बिजली की दर आधी करो कृषि कार्य व गरीबों के लिए 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाए आपदा को अवसर नहीं बनाया जाए इसकी अस्थाई निदान निकल जाए उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के लिए तत्काल राहत की व्यवस्था करो किसानों को ₹50000 प्रति एकड़ फसल क्षति मुआवजा दो। तमाम पीड़ितों को पर्याप्त बाढ़ क्षति मुआवजा दो बाढ़ का अस्थाई निदान करो बिहार में आरक्षण वृद्धि को संविधान की नई अनुसूची में शामिल करो पूरे देश में जातीय गणना करो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दो। साथी उन्होंने कहा कि बिहार के हक और न्याय के लिए बदलो बिहार न्याय यात्रा का हिस्सा बने हम आप सबसे इस यात्रा में कुछ कदम साथ चलने वह हर संभव सहयोग करने की मांग की उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में यात्रा के बाद 27 अक्टूबर 2024 को पटना में बदलो बिहार न्याय सम्मेलन से इसका समापन किया जाएगा। इस मौके पर भाकपा माले के अरवल विधायक महानंद सिंह, फुलवारी शरीफ विधानसभा के विधायक गोपाल रविदास, ऐपबा नेत्री रीता बर्नबाल, शशि यादव, जिप सदस्य महेश यादव , भाकपा माले नेता अवधेश यादव समेत दर्जनों की संख्या में भाकपा माले नेता शामिल थे।

## गौतम बुद्ध जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड में उप सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार का दौरा




गया। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के उप सचिव, श्री कुमार राम कृष्ण, ने आज बेलागंज प्रखंड स्थित गौतम बुद्ध जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का दौरा किया है। इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी, जीविका के कुछ अधिकारी एवं समिति की प्रतिनिधि जीविका दीदियां भी उपस्थित रहीं हैं। उप सचिव महोदय ने पाँच दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारंभ किया और समिति के उपविधि का गहन अवलोकन किया है।इस दौरान, उन्होंने समिति के अन्य सदस्यों से आजीविका से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की और जीविका दीदियों के कार्यों का निरीक्षण किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने दीदियों के प्रशिक्षण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए समिति के प्रयासों की सराहना की गई है।गौतम बुद्ध जीविका महिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड टीएलसी में सामुदायिक संगठनों से जुड़ी जीविका दीदियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं का क्षमतावर्धन कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मटियार के भाठा में झोपड़ी नुमा घर जल कर राख

प्रातः किरण संवाददाता

मांझी। मांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत मटियार पंचायत के भाटा गांव में सोमवार को तीन झोपड़ी नुमा मकान जलकर राख हो गया उसमें रखे सारा सामान जलकर बर्बाद हो गया ।बताया जाता है कि सभी लोग अपने-अपने काम में गए हुए थे तभी एक झोपड़ी से आग का लाफ निकलते दिखाई दिया । आग का लाफ देखकर बच्चे शोर मचाने लगे। अभी लोग जुट पाते तब तक एक के बाद एक करके आग तीन झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लिया और धू धू कर जलने लगा । बाद में पहुंचे ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक घर का सारा सामान जल चुका था। जलने वालों में दूधनाथ महतो ,राजकुमार महतो एवं हकीम महतो का झोपड़ी शामिल है।

### शौच करने गये युवक की घोघाडी नदी में डूबने से मौत, घर में मातम

प्रातः किरण संवाददाता

मशरक। मशरक के चांद कुदरिया पंचायत के सुंदर गांव में सोमवार की सुबह घोघाडी नदी के किनारे शौच करने गये युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक सुंदर गांव निवासी मोगल राय का 20 वर्षीय पुत्र गोलू प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन और पूर्व मुखिया मुन्ना मांझी ने बताया कि युवक शौच के लिए नदी किनारे गया था वहीं पर शौच के बाद किनारे पैर फिसलने से गहरे पानी में चला गया और डूब गया। मौके पर ग्रामीणों की मदद से नदी के गहरे पानी से बाहर निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। मृतक युवक आर्मी की तैयारी करता है और एक भाई और एक बहन हैं। मौत की खबर से परिजनों में मातम छा गया।

### धान की फसल देखने गये किसान की बाइक चोरी

प्रातः किरण संवाददाता

पानापुर(सारण)सड़क पर बाइक खड़ी कर धान की फसल देखने गए एक किसान की बाइक लेकर चोर फरार हो गए ।बताया जाता है कि सोमवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे रसौली उत्तर टोला निवासी संजय कुमार सिंह रसौली डुमरसन नहर मार्ग पर बाइक खड़ी कर नहर किनारे धान की फसल देखने गए थे इसी दौरान चोर उनकी बाइक लेकर फरार हो गए ।वापस लौटने पर बाइक गायब देख उनके होश उड़ गए।इस मामले में पीड़ित के दिए आवेदन पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### फुटबॉल मैच का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा ।अमनौर विधानसभा के शेखपुरा गांव में केशव ब्रह्मा बाबा के खेल मैदान में फुटबॉल मैच अपहर एवं राहीपुर के बीच का उद्घाटन युवा नेता आदित्य सिंह ने किया।इस मैच को अपहर ने 3-2 से जीता। मैच का आयोजन शेखपुरा गांव निवासी राजन सिंह द्वारा ने किया गया था ' ।इस मौके पर प्रिंस सिंह, पप्पू सिंह, अन्नू सिंह,चुन्नू सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे ।जितने वाले टीम को जीत के बाद पुरस्कृत किया गया, और बधाई दी गई।

### महाकुंभ में प्रयागराज के बजाए प्रयागराज छिवकी के रास्ते चलायी जाएगी चार जोड़ी ट्रेनें

प्रातः किरण संवाददात

हाजीपुर। महा कुंभ 2025 के मद्देनजर उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज स्टेशन से गुजरने वाली निम्नलिखित 04 जोड़ी ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन डीडीयू-वाराणसी-प्रयागराज-मानिकपुर के बजाए डीडीयू-मिजार्पुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलायी जाएगी - 1.दिनांक 11.01.2025 से 25.02.2025 तक उधना से खुलने वाली गाड़ी सं. 20933 उधना-दानापुर एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 04.00/04.05 बजे रूकते हुए । 2.दिनांक 12.01.2025 से 26.02.2025 तक दानापुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 20934 दानापुर-उधना एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 00.40/00.45 बजे रूकते हुए । .दिनांक 11.01.2025 से 22.02.2025 तक एरणाकुलम से खुलने वाली गाड़ी सं. 22669 एरणाकुलम-पटना एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 21.45/21.50 बजे रूकते हुए । 4.दिनांक 14.01.2025 से 25.02.2025 तक पटना से खुलने वाली गाड़ी सं. 22670 पटना-एरणाकुलम एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी में 00.45/00.50 बजे रूकते हुए । 5.दिनांक 12.01.2025 से 23.02.2025 तक अहमदाबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस है।

# डीएम, भोजपुर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में की गई जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक




प्रातः किरण संवाददाता

आरा । इस बैठक में विभिन्न विभागों के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं इसके क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जो मुख्यतः विद्युत विभाग,समाज कल्याण विभाग,पंचायती राज विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग,जीविका,स्वास्थ्य विभाग ,योजनाविभाग,डीआरसीसी,कल्याण विभाग,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आदि से संबंधित थे।

जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान एवं प्रत्येक प्रखंड में स्टेडियम का काम अविलंब प्रारंभ करने हेतु बीडीओ, बीपीआरओ,मनरेगा, पीओ को निर्देश दिया गया।

समाज कल्याण विभाग के समीक्षा के क्रम में कबीर अंत्येष्टि योजना एवं वऊक्कऊ कार्ड के निर्माण की स्थिति संतोषजनक नहीं रहने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी योजना का कैम्प लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए ससमय लक्ष्य प्राप्त किया जाए।

जिलाधिकारी ने पंचायती राज पदाधिकारी से पंचायत सरकार भवन का निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर इसे अविलंव पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को निदेश दिया कि सभी सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम ससमय पूर्ण किया जाए। एवं जिस क्षेत्र में स्मार्ट मीटर के बारे में लोगों को गुमराह कर अफवाह फैलाई जा रही है उसे चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई की जाय। साथ ही उद्योग विभाग द्वारा संचालित विश्वकर्मा योजना में लंबित फॉर्म को अविलम्ब निष्पादित करने हेतु निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी ने गठित धावा दल को निरंतर कार्य करने का निदेश दिया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त,सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड एवं अंचल स्तरीय पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# हम के कार्यकर्ताओं ने दीपा मांझी का किया जोरदार स्वागत

प्रातः किरण संवाददात

गया ।इमामगंज विधानसभा के प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री से जीतन राम मांझी के बहू दीपा मांझी के आगमन पर गया जिला के कार्यकताओं ने फूल माला और अंग वस्त्र देकर किया जोरदार स्वागत कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर किया गया है अभिनंदन बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संतोष मांझी के पत्नी दीपा मांझी का आगमन गया जिला में हुआ है जिस पर सामाजिक कार्यकताओं और हम पार्टी के संगठन के कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया आम जनों व महिलाओं में इसके लिए प्रसन्नता व्यक्त की है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान दीपा मांझी ने कहा है कि मैंने गरीबी झेली है गरीबों के बीच रहकर अपनी शिक्षा दीक्षा पुरी की है ।2009 में जनता का समर्थन मिला और मैं जिला परिषद के लिए निर्वाचित हुई हूं ग्राम स्वराज संगठन के साथ रहकर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान देती रही हूं आज मौका मिला है इमामगंज विधानसभा की जनता की समस्याओं को हल करने का जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है विकास अधूरे विकास कार्य को पूरा करने का प्रयास करेंगे ।भय ,भ्रष्टाचार से हमारे नेता जीतन राम मांझी ने इमामगंज को मुक्त कराया। अधूरे विकास कार्य को पूरा करूंगी ।



परिवारवाद के सवाल पर पार्टी के प्रवक्ता ई .नंदलाल मांझी ने कहा है कि हम पार्टी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करती है लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत पार्लियामेंट्री कमिटी की बोर्ड ने पांच व्यक्तियों में सबसे सुयोग दीपा मांझी को मानते हुए टिकट दिया है पार्टी इसका स्वागत करते हैं किसी भी अभ्यर्थी का चयन विभिन्न मानकों के स्तर पर आंका जाता है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संरक्षक जीतन राम मांझी ने जनता की मांग को ध्यान में रखकर इमामगंज का प्रत्याशी घोषित किया है। जनता का आशीर्वाद दीपा मांझी के साथ है जीत सुनिश्चित है ।

इस मौके पर हम पार्टी रोमित सिंह जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ,विजय कुमार विनोद मांझी रामप्रसाद मांझी , जीपू मांझी ,सुजीत मांझी राम स्नेही मांझी शंकर मांझी दिना मांझी छोटू कुशवाहा बालेश्वर यादव रूबी देवी, आदि सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने स्वागत किया।

# बनियापुर में बीडीसी की सामान्य बैठक सम्पन्न,कई प्रस्ताव पारित

प्रातः किरण संवाददाता

बनियापुर । बनियापुर में बीडीसी की बैठक सोमवार को संपन्न हुई। जिस बैठक में बिजली विभाग द्वारा लागए जा रहे स्मार्ट मीटर का सदस्यों ने जमकर विरोध किया। जिस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मंजूषा ओझा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए कराह पंचायत के मुखिया अरुण दास के द्वारा बिजली विभाग पर आरोप लगाया गया कि बिजली विभाग के द्वारा 20 लोगों द्वारा उपभोक्ताओं के दरवाजे पर पहुंच कर समझाने के बजाय राशन कार्ड कैंसिल करने तथा प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलने आदि का धमकी देकर स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। सदस्यों आरोप था कि जब दूसरे राज्य में यह मीटर नहीं लगाया गया है तो फिर बिहार में इस मीटर का उपयोग नहीं होना चाहिए।




जिसपर प्रखंड प्रमुख ने प्रस्ताव लाकर जिलाधिकारी तक भेजने को कहा। बिजली विभाग के जेई के उपस्थित नहीं होने के कारण निंदा प्रस्ताव लाया गया। वहीं रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एमएम जाफरी के द्वारा अवैध नर्सिंग होम को बंद करने के लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग करने का आग्रह किया। इसक से साथा ही शिक्षा विभाग, कृषी विभाग, आंगन बड़ी, श्रम संसाधन विभाग, आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभाग की समीक्षा के दौरान योजनाओं की जानकारी दी। जिस सदन में उपस्थित बनियापुर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार तथा सहजीतपुर थानाध्यक्ष जितमोहन कुमार ने शराब बंदी पर जनप्रतिनिधियों से सहयोग करने का आग्रह किया। जिस बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी आंगेश कुमार यादव,चिकित्सा पदाधिकारी एम एम जाफरी उत्तम कुमार जुलेखा प्रवीण बीएओ रामनाथ बैठा के अलांवा मुखिया अंजली राज, रिता सिंह, किरण कुमारी,प्रभुनाथ माझी बीडीसी अशोक कुमार गुप्ता आदिथे।

# सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ का बैठक हुई संपन्न

प्रातः किरण संवाददात

छपरा सदर। सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ का बैठक सोमवार को सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ भवन ,छपरा के सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में जिले के सभी प्रधानाध्यापक, प्रधानाध्यापिका ,प्रभारी प्रधानाध्यापक,प्रभारी प्रधानाध्यापिका, सभी प्रखंड अध्यक्ष ,सचिव ,सभी अनुमंडल अध्यक्ष सचिव एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।यह बैठक विनोद कुमार यादव की अध्यक्षता एवं प्रबंध संपादक चंद्र किशोर कुमार, प्राच्य प्रभा,बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ ,पटना के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ ।बैठक के मुख्य रूप से वर्तमान परिवेश में संगठन की भूमिका पर विचार, सदस्यता अभियान, नियमित, नियोजित ,बी पी एस सी



नियुक्त शिक्षक, पुस्तकालय अध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षकों की समस्याओं पर विचार के साथ ही स्थानांतरण नियमावली पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव विद्या सागर विद्यार्थी ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण के अधीनस्थ कार्यालयों में रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार एवं कार्यों में अनियमितता से शिक्षक परेशान हैं। वही बैठक के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव के धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक का समापन हुआ ।

# छपरा ग्रामीण स्टेशन से 16 बोरा चीनी की चोरी, छपरा के आरपीएफ इंस्पेक्टर निलंबित

- एएसआई पहले हुए निलंबित ,अब आर पी एफ इंस्पेक्टर पर गिरी गाज

छपरा कार्यालय । पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जंक्शन आरपीएफ प्रभारी मुकेश कुमार सिंह को कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें वाराणसी हेडक्वाटर बुला लिया गया है. यह कार्रवाई छपरा ग्रामीण रेलवे स्टेशन से 16 बोरा चीनी की चोरी के मामले में जांचोंपरांत की गई है. वही इस मामले में इससे पूर्व आरपीएफ के एक एएसआई मनोज कुमार को सस्पेंड किया जा चुका है. प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 12-13 अक्टूबर की मध्य रात्रि छपरा ग्रामीण रेलवे स्टेशन से चीनी का 16 बोरा चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया था. जिसके बाद प्राथमिकी के आधार पर आरपीएफ द्वारा उक्त चोर को 13 अक्टूबर की दोपहर चोरी किए हुए चीनी के बोरा को ले जाने के क्रम मे गिरफ्तार कर लिया गया था. जिसके बाद मौके पर पहुंचे एएसआई मनोज कुमार के द्वारा प्रभारी को इस सन्दर्भ मे जानकारी दी गई और उनके द्वारा आपस मे बातचीत कर अभियुक्त को छोड़ दिया गया. जिसमें आरोप लगा कि घूस लेकर उसे छोड़ा गया है और यह मामला जैसे-तैसे खुल गया और इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को लगी तो एएसआई मनोज कुमार को 17 अक्टूबर को सस्पेंड कर दिया गया.

वहीं जब उच्च अधिकारियों के द्वारा उनसे पूछताछ की गई तो एएसआई के द्वारा उक्त सभी घटना को प्रभारी को सूचित करने की बात कही गई. जिसके बाद सीनियर कमांडेंट के निर्देश पर प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. वही जैसे ही प्रभारी के निलंबन की सूचना आरपीएफ पोस्ट पर लगी पोस्ट पर हलचल मच गई.

# बोलेरो से भारी मात्रा में शराब बरामद,चार गिरफ्तार



दरियापुर, प्रातः किरण। स्थानीय थाना क्षेत्र के मानपुर गड़खा पथ के मटिहान के पास से पुलिस के द्वारा एक बोलेरो से 233 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया ।इसके साथ ही चार कारोबारियों को भी गिरफ्तार किया गया है ।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मटिहान के रास्ते बोलेरो से अंग्रेजी शराब ले जाई जा रही है ।इसके बाद पुलिस सतर्क हो गई और मटिहान के पास वाहन चेकिंग शुरू कर दी ।इसी बीच एक बोलेरो को आते देख पुलिस ने उसे रोका ।फिर उसकी तलाशी शुरू की तो आश्चर्य में पड़ गई। बोलेरो में तहखाना बना कर अंग्रेजी शराब छुपाई गई थी ।पुलिस ने बोलोरो पर सवार चार कारोबारियों को भी मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया ।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने बताया कि सप्लाई के लिए शराब ले जाई जा रही थी ।पकड़े गए चारों कारोबारियों से पूछताछ की जा रही है।

# जिला उद्योग केन्द्र रोहतास द्वारा ऋणदाताओं पर निलाम पत्र वाद दायर



प्रातः किरण संवाददात

(रोहतास) जिला उद्योग केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत चूक ऋणदाताओं के विरूद्ध विभागीय निदेशानुसार निलाम पत्र बाद दायर करना हुआ शुरू। इससे पूर्व इस योजना में 22 लाभुकों पर पूर्व से ही यह वाद चल रहा है। इस कम में कार्यालय पत्रांक 1104 दिनांक 19 सितंबर 2024 द्वारा कुल सात व्यक्तियों पर निलाम पत्र वाद दायर की गयी है। जिसमें दर्ज नाम तहत नीतिश कुमार, पिता बृजनंदन प्रसाद चौरसिया, ग्राम बराव, नजबुन निशा, पिता सुल्तान अंसारी, ग्राम कथराई, थाना कोचस, गौतम ऋषि, पिता राजेन्द्र पासवान, अम्बेडकर पथ, तकिया बाजार, सासाराम, अजीत पासवान, पिता श्यामबिहारी पासवान ग्राम रायपुर चोर शिवसागर, सतीष कुमार,पिता राम प्रवेश सय, ग्राम नौडिहा, थाना नोखा, पुष्पांजली सोनी, पिता रामजी सोनी, ग्राम सीयाडीह, पो० मुरादाबाद, पूजा कुमारी पिता-विजय प्रसाद, कबीरगंज, वार्ड 15 सासाराम का नाम शामिल हैं। जिनके संदर्भ में सनद रहे कि इन लाभुकों का निभागीय निदेशानुसार जीयो टैगिंग के दौरान इकाई मायब

पायी गयी। इस संबंध में बार-बार फोन पर पूछने पर भी उनके द्वारा कोई संतोष जनक जवाब नहीं दी गयी। जिसके विरुद्ध विभागीय कार्यालय द्वारा नोटिस भी निर्गत की गई। जिसका जवाब भी इन लाभुकों द्वारा नहीं दिया गया। जिसके कारण बाध्य होकर विभागीय निदेर्शानुसार सर्टिफिकेट केश दायर की गयी है। ऐसे 17 और लामुक चिन्हित किए गए हैं। जिन पर अगले सप्ताह निलाम पत्र वाद दायर की जायेगी। साथ ही यह सिलसिला वैसे लाभुकों के साथ जारी रहेगी जो गायब हो गये है या किश्त समय पर नहीं चूका रहे हैं।

# छठ पूजा व गंगा आरती की तैयारियों को ले जनप्रतिनिधियों ने की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) वाराणसी के तर्ज पर अनुमंडल क्षेत्र के सुर्यपुरा प्रखंड में प्राचीन सरोवर के पास छठ पूजा के अवसर पर भव्य गंगा आरती का आयोजन लगातार प्रत्येक वर्ष करने की व्यवस्था में तत्पर दिखे वर्तमान मुखिया सहित पूर्व मुखिया, जिला परिषद प्रतिनिधि एवं छठ पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य।

वर्तमान मुखिया सुरजपुरा प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि पिछले 25 वर्षो से इस तालाब को उपेक्षित देख वह पीड़ित हुए और इसके लिए निरंतर पानी के प्रवाह की व्यवस्था कर डाली।

न केवल पानी की व्यवस्था बल्कि प्राचीन सरोवर की मरमती के साथ में चारों ओर से पक्कीकरण तथा लाइट की व्यवस्था भी कर दी गई है।

इस सरोवर के पास छठ पूजा के अवसर पर विशेष गंगा आरती का भी आयोजन किया जाता है।



जो वाराणसी के प्रकांड ब्रहाणों के द्वारा संपन्न कराया जाता है। बैठक में पूर्व मुखिया सह जिला परिषद प्रतिनिधि सीता सिंह ने कहा कि मुखिया यह का कार्य सराहनीय रहा, छठ पूजा समिति के सदस्यों को आपस में सहयोग कर इस तरह के कार्य के लिए धन्यवाद मिलना चाहिए।

वही ग्राम पंचायत शिओ बहार के पूर्व मुखिया भोला सिंह ने निजी स्तर से कराये जा रहे इस तरह की व्यवस्था को अनुमंडल में अद्वितीय बतलाया, तो वहीं छठ पूजा समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने सभी लोगों के सहयोग के लिए प्रखंड वासियों को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया।

# बच्चों और युवाओं को तम्बाकू सहित सभी नशे की लत से बचाने की आवश्यकता: जिलाधिकारी

प्रातः किरण संवाददात

पटना, सोमवार, दिनांक 21.10.2024: जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक आहूत की गयी। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को तम्बाकू सहित सभी तरह के नशे की लत से बचाने की आवश्यकता है। ज़िलाधिकारी ने अधिकारियों को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा तम्बाकू-मुक्ति अभियान 2.0 को सघनतापूर्वक संचालित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण बिहार में मद्यनिषेध कानून लागू किया गया है। इसके साथ ही नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जा रहा है। सभी स्टेकहोल्डर्स इसके प्रति सजग एवं तत्पर रहें।

तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग एवं सीड्स के तत्वाधान में आयोजित इस बैठक का आरंभ गैर-संचारी रोग पदाधिकारी-सह-जिला नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रतिभागियों के स्वागत से किया गया। तत्पश्चात सीड्स के कार्यपालक निदेशक ने तम्बाकू-जनित रोगों से होने वाले गम्भीर बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भारत में इससे प्रतिवर्ष लगभग 13.5 लाख लोगों की मौत हो रही है। युवाओं एवं स्कूल जाने वाले बच्चों को जागरूक कर तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों से बचाया जा सकता है। भारत सरकार ने सूबे में तम्बाकू-मुक्त युवा अभियान 2.0 की शुरूआत की है जो 24 सितम्बर, 2024 से आरंभ होकर 23 नवम्बर, 2024 तक चलेगा। अभियान में पाँच प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। इसमें तम्बाकू के खतरों के बारे में सार्वजनिक रूप से जागरूकता बढाना, सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू से मुक्त रखने हेतु दिशा-निदेर्शों का अनुपालन, तम्बाकू की पहुँच से दूर रखना तथा अधिनियमों को कड़ाई से शत-प्रतिशत लागू करना शामिल है ।जिलाधिकारी ने कहा कि तंबाकू का सबसे अधिक दुष्प्रभाव स्कूली बच्चों एवं युवाओं पर पड़ रहा है। बच्चों और अवयस्कों को तम्बाकू सेवन की लत से बचाने के लिए सभी संबंधित विभागों की सहभागिता आवश्यक है, ताकि हम अपने आनेवाली युवा पीढ़ी को इसकी भयावहता से बचा सकें। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस बच्चों और युवावर्ग होना चाहिए ताकि वे विभिन्न स्त्रोतों के बहकावे में आकर तम्बाकू सेवन की गिरफ़्त में न आ सकें।

जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को निदेशित किया कि लगातार छापामारी अभियान जारी रखें। खासकर जिले के शैक्षणिक संस्थानों के आसपास एवं सार्वजनिक स्थानों पर उल्लंघनकताओं को दंडित करने हेतु सक्रिय भूमिका अदा करें। इससे लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। जिलाधिकारी ने पुलिस उपाधीक्षक को निदेशित किया कि इस अभियान में पुलिस सक्रिय सहयोग दे। जिलाधिकारी में जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेशित किया कि वे जिले के शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू-मुक्त करने हेतु दिशा-निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

डीएम डॉ. सिंह द्वारा पदाधिकारियों को निम्नलिखित निर्देश दिया गया, जिसमें

त्रिस्तरीय-प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर-छापामार दस्ता को क्रियाशील रखें। इसके क्षमतावर्द्धन हेतु प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन करें। कोटपा-2003 अंतर्गत धारा 6बी का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करें। इसके तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने वालों को दंडित करें। तम्बाकू-मुक्त शिक्षण संस्थान सुनिश्चित करें। तम्बाकू निषेध विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता, डिबेट तथा जागरूकता रथों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें। पटना जिला के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने हेतु सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम करें।

# सेंट्रल रिव्यू टीम की जिला भ्रमण को लेकर डीएम के निर्देश पर किया गया निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

गया। सेंट्रल रिव्यू टीम की जिला भ्रमण को लेकर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी तैयारियां की जा रही है। जिला पदाधिकारी डॉ एसएम त्यागराजन के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों की टीम अनुमंडलीय, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर रही है। इस क्रम में सोमवार को सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार तथा डीपीएम स्वास्थ्य नीलेश कुमार ने टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया है। इस औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद कई खामियों पर सिविल सर्जन ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कड़े निर्देश दिये है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं सहित ऑपरेशन थियेटर तथा प्रसव कक्ष, शौचालय, ओपीडी में मरीजों तथा उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था, पानी तथा बिजली, आवश्यक दवाओं उपलब्धता व अन्य सेवाओं का निरीक्षण करते हुए कमियों को यथाशीघ्र सही करने के निर्देश दिये है ।सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल कर औचक निरीक्षण कर सबसे पहले आपातकालीन व्यवस्था को देखा गया है। इमरजेंसी रूम में ऑक्सीजन आपूर्ति की खराब व्यवस्था को सही करने का निर्देश दिया गया है। इमरजेंसी रूम की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने के कड़े निर्देश दिये गये हैं। इसके बाद डॉक्टरों की मीटिंग की गयी है। सीएस ने बताया कि अस्पताल में चार स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ हैं। इसके बावजूद सीजेरियन ऑपरेशन का औसत काफी कम है। इसे देखते हुए प्रतिदिन एक सिजेरियन अस्पताल में करने का निर्देश दिया गया है। डीपीएम नीलेश कुमार ने बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों को कहा गया है कि किसी भी हालत में गर्भवती सिजेरियन के लिए अन्य स्वास्थ्य संस्थान रेफर नहीं किया जाये । सिजेरियन के मामले रेफर करने की जानकारी मिलने पर उन चिकित्सकों पर कार्रवाई होगी। अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासांउड मशीन लगा हुआ है। यहां डॉक्टरों की मौजूदगी के बावजून अल्ट्रासांउड का काम नहीं किया जा रहा है। चिकित्सक अल्ट्रासांउड का काम करने की जानकारी रखें गए हैं। अल्ट्रासाउड का काम नहीं करने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई होगी। अल्ट्रासाउंड और सिजेरियन के मामले रेफर नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। अस्पताल एवं शौचालय की अच्छी साफ–सफाई रखने का भी निर्देश दिया गया है। पुराने डिलेवरी रूम को नये डिलेवरी रूम में जल्द शिफ्ट करें। यहां सभी प्रकार के उपकरण मौजूद हों, यह सुनिश्चित करें, आपरेशन थियेटर में सही लाइटिंग की व्यवस्था का निर्देश दिया है। सिविल सर्जन ने अस्पताल में हार्निया की सर्जरी तथा अन्य मरीजों से मुलाकात कर उनका स्वास्थ्य के बारे में जाना है। इसके बाद बीएचएम अभय कुमार सिन्हा के साथ लखीबाग स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया गया है। यहां की व्यवस्था देखकर प्रशंसा जाहिर करते हुए कहा कि सेंट्रल रिव्यू टीम इस एचडब्ल्यूसी को विजिट करेगी। इसका रंगरोगन करायें और नियमित रूप से वेलनेस एक्टिवटी करायें।

# सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रख की अखण्ड सौभाग्य की कामना



प्रातः किरण संवाददात

गडहनी। भोजपुर जिले के गडहनी प्रखण्ड अन्तर्गत विभिन्न गांवो मे सुहागिन महिलाओं के द्वारा अखण्ड सौभाग्य की कामना को लेकर करवां चौथ का व्रत किया गया ।इस अवसर पर व्रती महिलाओ के द्वारा चन्द्रमा को अर्घ्य प्रदान कर कथा श्रवण किया गया ।पण्डित अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि सनातन धर्म में करवा चौथ सुहागिन महिलाओं का सबसे चर्चित और बड़ा त्योहार है। विवाहित स्त्रियां इस दिन अपने सुहाग की सलामती के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को रखने से करवा माता (देवी पार्वती का एक रूप) की कृपा से पति की आयु लंबी होती है और घर-परिवार में सब निरोग और सुखी रहते हैं। बदलते जमाने के चलन के साथ अब केवल महिलाएं ही नही अनेक पुरुष भी अपनी लाइफ पार्टनर से प्रेम जताने के लिए इस व्रत का उपवास रखने लगे हैं ।करवा पूजन के साथ एक लोटे में जल रखा जाता है और उसी जल से चन्द्रमा को अर्घ्य दिया जाता है। चांद निकलने के बाद छलनी की ओट से पति को देखकर चांद का दर्शन किया जाता है। फिर चन्द्रमा को जल से अर्घ्य देकर पति की लंबी उम्र की प्रार्थना की जाती है। बता दें, हिन्दू धर्म में चतुर्थी तिथि चंद्रमा को समर्पित है। इसलिए चांद की पूजा के बिना ये करवा चौथ का व्रत अधूरा माना जाता है।

स्त्री-शक्ति के गौरव का पर्व

हालांकि करवा चौथ का का मुख्य उद्देश्य अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना करना होता है, लेकिन यह व्रत स्त्री-शक्ति, पतिव्रता और पारिवारिक रिश्तों के मजबूती का बेजोड़ प्रतीक है। यह व्रत महिलाओं की अटूट आस्था, धैर्य और बलिदान की भावना को दशार्ता है और इस रूप में यह स्त्री-शक्ति के गौरव का पर्व है ।अर्घ्य प्रदान करने वाली व्रती महिलाओ मे माया देवी, ममता देवी, अराधना देवी सहित सैंकडो महिलाएं शामिल रहे।

# कैगिसो रबाडा ने सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट का कीर्तिमान हासिल किया, वकार यूनिस का रिकॉर्ड तोड़ा



**ढाका (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने सोमवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने 12,000 से कम गेंदों में 300 टेस्ट विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज बन गए। तेज गेंदबाज ने मीरपुर के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। ??

दिन के पहले सत्र में मुशफिकुर रहीम का विकेट लेने के साथ ही रबाडा ने दिग्गज तेज गेंदबाज वकार यूनिस (12,602 गेंद) को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने पूर्व प्रोटियाज तेज गेंदबाज डेल स्टेन (12,605 गेंद) को भी पीछे छोड़ दिया। रबाडा लाल गेंद के प्रारूप में 300 विकेट पूरे करने वाले छठे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बन गए। वह इस सूची में स्टेन, शॉन पोलक, मखाया एंटिनी, एलन डोनाल्ड और मोर्ने मोर्कल के साथ शामिल हो गए।

मैचों के लिहाज से भारत के रविचंद्रन अश्विन 54 मैचों में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद सबसे तेज 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। इस बीच रबाडा का 39.3 का स्ट्राइक रेट 300 या उससे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले सभी गेंदबाजों में सबसे ज्यादा है। अपना 65वां टेस्ट खेल रहे रबाडा ने 3-26 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि वियान मुल्डर और केशव महाराज ने भी तीन-तीन विकेट चटकाए और बांग्लादेश को पहली पारी में 106 रन पर समेट दिया। इससे पहले बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन डेन पीट और मुल्डर ने शुरुआती झटके देकर फैसला उलटा कर दिया। बांग्लादेश शुरुआती झटकों से उबरने में नाकाम रहा और 41 ओवर में ही ढेर हो गया।

### बांग्लादेश पहली पारी में 106 रन पर ऑलआउट

बांग्लादेश की टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ मीरपुर टेस्ट की पहली पारी में 106 रन पर ऑलआउट हो गई है। मुकाबले के पहले दिन सोमवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी।टीम की ओर से ओपनर महमुदुल हसन जॉय ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। टीम के 5 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। ओपनर शादमान इस्लाम 0, मोमिनुल हक 4, कप्तान नजमुल हसन शांतो 7, मुश्फिकुर रहीम 11, लिटन दास 1 और मेहदी हसन मिराज 13 रन बनाकर आउट हुए। कगिसो रबाडा, वियान मुल्डर और केशव महाराज को 3-3 विकेट मिले।

# बाबर आजम, शाहीन अफरीदी जिम्बाब्वे सीरीज से होंगे बाहर; युवाओं को मौका देगा पीसीबी

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी बाबर आजम और शाहीन अफरीदी ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद जिम्बाब्वे के व्हाइट-बॉल दौरे से बाहर होने वाले हैं। क्रिकेट पाकिस्तान डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता जिम्बाब्वे सीरीज के लिए वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम देने और युवा क्रिकेटरों को अवसर देने के इच्छुक हैं।



बाबर आजम और शाहीन अफरीदी के साथ मोहम्मद रिजवान और नसीम शाह जैसे खिलाड़ियों को भी सीरीज के लिए आराम दिया जा सकता है। हालांकि इन सभी को जिम्बाब्वे से पहले खेली जाने वाली ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए चुने जाने की संभावना है। पाकिस्तान को जिम्बाब्वे में तीन टी20 और तीन वनडे खेलने हैं, जिसमें पहला वनडे 24 नवंबर से शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी पाकिस्तान तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलेगा और यह दौरा 4 नवंबर से शुरू होगा तथा अंतिम टी20 मैच 18 नवंबर को खेला जाएगा, जो जिम्बाब्वे सीरीज की शुरुआत से कुछ दिन पहले होगा।

पाकिस्तान क्रिकेट हाल ही में उथल-पुथल से गुजर रहा है, क्योंकि टी20 विश्व कप और टेस्ट क्रिकेट में नतीजे उनके पक्ष में नहीं रहे हैं। प्रबंधन, नेतृत्व में कई बदलाव हुए हैं और पहले टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद बाबर आजम और शाहीन अफरीदी के साथ नसीम शाह और सरफराज अहमद को टीम से बाहर कर दिया गया।

नई चयन समिति ने अपने स्टार खिलाड़ियों को बाहर करने का साहसिक निर्णय लिया और इसका सकारात्मक परिणाम सामने आया, जिसमें पाकिस्तान ने दूसरा टेस्ट जीता। अब वे पाकिस्तान क्रिकेट में प्रतिभाओं की संख्या बढ़ाने के इच्छुक हैं और जिम्बाब्वे सीरीज कुछ लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले घरेलू खिलाड़ियों को आजमाने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है।

# अमेरिकी गायक कृष्ण दास के कीर्तन में शामिल हुए विराट-अनुष्का

## ● पहला टेस्ट हारने के बाद बेंगलुरु से मुंबई पहुंचे

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा रविवार रात अमेरिकी गायक कृष्ण दास के कीर्तन में शामिल हुए। वे न्यूजीलैंड से बेंगलुरु टेस्ट हारने के बाद सीधे मुंबई के लिए रवाना हुए और समारोह में हिस्सा लिया।



इस समारोह के आयोजकों ने सोशल मीडिया में फोटो पोस्ट करते हुए लिखा- विराट और अनुष्का मुंबई में कृष्णा दास लाइव में हमारे साथ शामिल हुए, आशीर्वाद लिया और शांत वातावरण का आनंद लिया। उनकी उपस्थिति ने सामूहिक भक्ति को और बढ़ा दिया, जिससे यह सभा और भी खास हो गई।

विराट कोहली ने बेंगलुरु टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में 70 रन बनाए थे। वे तीसरे दिन की आखिरी बॉल पर आउट हुए थे। पहली पारी में वे खाता भी नहीं खोल सके थे।

# महिला टी20 विश्व कप जीतकर मालामाल हुई न्यूजीलैंड टीम

### खिलाड़ियों में बांटे जाएंगे 2.3 मिलियन डॉलर




**वेलिंगटन (एजेंसी)।** महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 32 रन से हराने वाली न्यूजीलैंड 'व्हाइट फर्न्स' क्रिकेट टीम को पुरस्कार राशि में मिली 2.3 मिलियन डॉलर (लगभग 19.33 करोड़ रुपए) को खिलाड़ियों के बीच बांटा जाएगा। इससे टीम के प्रत्येक सदस्य के हिस्से में लगभग 155,000 डॉलर (1.31 करोड़ रुपए) आएंगे।

पिछले कई वर्षों से पुरुष खिलाड़ियों की तरह वित्तीय समानता हासिल करने के लिए वर्षों तक संघर्ष कर रही महिला टीम के सदस्यों के लिए यह बड़ी रकम है। क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के विश्व कप में न्यूजीलैंड की पहली जीत अप्रत्याशित है। टूर्नामेंट के अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को हराने से पहले 'व्हाइट फर्न्स' ने लगातार 10 टी20 मैच गंवाए थे। न्यूजीलैंड ने अपने अभियान के दौरान लीग चरण में भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया जबकि उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा।

टीम ने सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज को शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने सेमीफाइनल में छह बार की चैम्पियन और खिताब के दावेदार ऑस्ट्रेलिया को हराया था लेकिन फाइनल में यह टीम दबाव में एक बार फिर बिखर गई। न्यूजीलैंड ने फाइनल में पांच विकेट पर 158 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर ने 38 गेंदों पर 43 रन बनाए और फिर 24 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने ब्रूक हैलिडे (38) के साथ चौथे विकेट के लिए 44 गेंद में 57 रन की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

कप्तान सूजी बेट्स ने भी 32 रन का योगदान दिया। फाइनल में 25 रन पर तीन विकेट लेने वाली न्यूजीलैंड की गेंदबाज रोजमेरी मायेर ने कहा, 'इमानदारी से कहूं तो यह अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा, 'हम बस एक-दूसरे की बहुत परवाह करते हैं। पिछले 18 महीनों में हम कई कठिनाइयों से गुजरे हैं और हम एक-दूसरे के साथ बने रहे और एक-दूसरे के लिए कड़ी मेहनत करते रहे।

कप्तान के तौर पर सोफी डिवाइन का यह न्यूजीलैंड के लिए आखिरी मैच था। उन्होंने बेट्स के साथ 2009 से अब तक आयोजित सभी नौ टी20 विश्व कप में खेले हैं। न्यूजीलैंड 2009 और 2010 में पहले दो टूर्नामेंटों के फाइनल में पहुंचा था। दोनों मौकों पर उसे ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

बेट्स ने कहा, ''हमारे लिये यह सब कुछ है। जब आप टीम मैच खेलते हैं, तो आप विश्व चैंपियन बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमने शीर्ष पर वापसी के लिए संघर्ष किया है। वह (डिवाइन) इस टीम का बहुत शानदार तरीके से नेतृत्व कर रही हैं। वह बहुत शांत स्वभाव की है और सभी खिलाड़ियों पर भरोसा करती है। हम शायद बाद में और भी लंबे समय तक गले मिलेंगे क्योंकि हमने एक साथ कुछ बुरे समय भी देखे हैं और यह बात सिर्फ हमारे ड्रेसिंग रूम के लोग ही समझ सकते हैं।

# दीपिका ने तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता, धीरज हारे



**टिलेक्सकला (मैक्सिको) (एजेंसी)।** भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने विश्व कप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से 0.6 से हार गई। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के बाद विश्व कप फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी। सेमीफाइनल तक दीपिका को कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गई। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थी। भारत के लिए विश्व कप फाइनल में सिर्फ डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थी। पुरूषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा 4.2 से आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक गिरा। सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकी। पहला सेट उसने एक अंक से (26 . 27) गंवाया। दूसरे सेट में वापसी की लेकिन ली ने 30.28 से जीता। तीसरे सेट में ली ने 27.25 से जीत दर्ज की। पुरूषों के रिकर्व वर्ग में धीरज अकेले भारतीय चुनौती पेश कर रहे थे।

### चेन्नई ग्रांडमास्टर्स शतरंज

# अर्जुन होंगे टॉप सीड, फीडे सर्किट जीतकर कैंडिडैट में बना सकते है जगह




**चेन्नई (एजेंसी)।** पिछले वर्ष अपने पहले संस्करण से गुकेश के लिए फीडे कैंडिडैट का रास्ता खोलने वाला चेन्नई ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट इस बार फिर से 5 नवंबर से 11 नवंबर तक भारतीय खिलाड़ी विशेषकर अर्जुन के लिए एक बड़ा मौका लेकर आ रहा है । पिछले बार इसी टूर्नामेंट में गुकेश पहले और अर्जुन दूसरे स्थान पर थे और गुकेश नें फीडे सर्किट जीतकर फीडे कैंडिडैट में जगह बना ली थी और फिर उन्होने मार्च में कनाडा में कैंडिडैट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खेलने की पात्रता हासिल कर ली ।

इस बार अभी तक दुनिया के वर्तमान नंबर 3 खिलाड़ी भारत के अर्जुन एरीगैसी फीडे सर्किट में 102 अंक लेकर सबसे आगे चल रहे है और अगर वह चेन्नई ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम करते है तो उनके लिए कैंडिडैट में जगह पाने का सपना और करीब आ जाएगा ।

इस बार अर्जुन एरीगैसी (2797) के अलावा भारत से विदित गुजराती ( 2726) और अरविंद चितांबरम (2698) भी इसमें भाग ले रहे है जबकि दुनिया के अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में यूएसए के लेवोन अरोनियन (2738), फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव (2735), और ईरान के परहम मघसूदलू (2719) जैसे नाम शामिल हैं।

इस बार टूर्नामेंट दो वर्गो में आयोजित हो रहा है , मास्टर्स वर्ग के अलावा चैलेंजर्स वर्ग इस साल का नया आकर्षण है। इसका उद्देश्य उभरती भारतीय प्रतिभाओं को मौका देना है। इसमें रौनक साधवानी (2659), अभिमन्यु पुराणिक (2639), कार्तिकेयन मुरली (2624), लियोन मेंडोंका (2622), प्रणव वी (2609), प्रणेश एम (2580), हरिका द्रोणावल्ली (2493), और आर. वैशाली (2486) जैसे खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेता को अगले साल मास्टर्स वर्ग में खेलने का अवसर मिलेगा।

### चेन्नई के मैदान पर गेंदबाजी करते दिखे मोहम्मद शमी, क्या खेलेंगे दूसरा टेस्ट ?

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रविवार को बिना किसी परेशानी के नेट पर करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। शमी साल की शुरुआत में हुई टखने की सर्जरी से उबर रहे हैं। शमी ने यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के पहले टेस्ट के बाद नेट सत्र में गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में गेंदबाजी की। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने देश के लिए अपना पिछला मुकाबला 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में खेला था। शमी ने अभ्यास के दौरान भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर को गेंदबाजी की। शमी के बाएं पैर में पट्टी बंधी थी।

# खराब फॉर्म में चल रहे बाबर आजम को वीरेंद्र सहवाग की सलाह

### अब उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि बाबर आजम को फॉर्म हासिल करने के लिए पाकिस्तान के घरेलू क्रिकेट में वापस जाना चाहिए। उनका यह बयान बाबर के इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में अपने फॉर्म में काफी गिरावट के कारण आया है जिसमें पिछले साल पांच टेस्ट में उनका औसत 22.66 और 2024 में चार टेस्ट में उनका औसत 18.50 रहा।



पाकिस्तान ने मुल्तान में इंग्लैंड पर 152 रनों की जीत के साथ घरेलू टेस्ट में अपनी हार का सिलसिला खत्म किया। मैच से पहले मेजबान टीम के बहुत से बदलाव किए जिसमें बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को टीम से बाहर करना शामिल था। सहायक कोच अजहर महमूद ने बाद में कहा कि इन तीनों को पाकिस्तान के आगामी व्हाइट-बॉल दौरे के लिए आराम दिया गया है। यह निर्णय सही साबित हुआ और इससे बाबर के भविष्य को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

सहवाग ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के यूट्यूब चैनल पर कहा, बाबर आजम को अब घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। उन्हें अपनी फिटनेस पर काम करना चाहिए, परिवार के साथ कुछ समय बिताना चाहिए, फिर शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से मजबूत खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करनी चाहिए।

2023 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाबर को पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के कप्तान के पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्हें शाहीन अफरीदी द्वारा पाकिस्तान के नए टी20 कप्तान के रूप में इस साल मार्च में कप्तान बनाए जाने के बाद सीमित ओवरों के कप्तान के रूप में बहाल किया गया, इससे पहले अक्टूबर में टी20 विश्व कप में एक और निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था।

सहवाग ने कहा कि इन सभी कारकों ने बाबर को प्रभावित किया है, जिसका अर्थ है कि उनके खराब फॉर्म के पीछे का कारण उनकी मानसिक बनावट है न कि कोई तकनीकी कमी। सहवाग ने कहा, बाबर से उम्मीदें कम होने और कप्तानी से उनके इस्तीफे के साथ, ऐसा लगता है कि तकनीक के मामले में उन पर मानसिक रूप से अधिक प्रभाव पड़ा है। उन्हें मानसिक रूप से मजबूत रहने की जरूरत है।

# केएल राहुल बनाम सरफराज खान, रोहित शर्मा ने कहा- 'यह बहुत सरल है'

**बेंगलूर (एजेंसी)।** पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया कि वे पुणे में गुरुवार 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले दूसरे मैच के लिए बदलाव कर सकते हैं। पहले टेस्ट में 46 रन पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में रोहित और उनकी टीम के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद न्यूजीलैंड ने 1988 के बाद से भारत में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जसप्रीत बुमराह (2/29) ने भारत के लिए प्रदर्शन किया लेकिन विल यंग (48*) और रचिन रवींद्र (39*) ने मेहमान टीम को सीरीज में 1-0 की बढ़त दिला दी।



गर्दन में अकड़न के कारण सीरीज के पहले मैच के लिए शुभमन गिल को बाहर करना पड़ा। उनकी जगह लेने वाले सरफराज अहमद पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में 150 रन बनाकर लौटे। बेंगलुरू में हार के बाद रोहित ने पुष्टि की कि गिल पहले टेस्ट से चूकने के बाद ठीक हैं। उन्होंने संकेत दिया कि युवा बल्लेबाज दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग 11 में वापस आ सकते हैं। उस स्थिति में भारत सरफराज या अनुभवी केएल राहुल में से किसी एक को बाहर कर सकता है, जो एक बार फिर नंबर 6 स्थान पर अपना स्थान बनाने में विफल रहे।

केएल राहुल बनाम सरफराज खान बहस के बीच रोहित ने राहुल, गिल और सरफराज से जुड़ी स्थिति को संबोधित किया। भारतीय कप्तान ने जोर देकर कहा कि टीम में हर कोई जानता है कि वे अपने करियर में कहां खड़े हैं और उन्हें क्या करने की जरूरत है। भारतीय कप्तान ने कहा, देखिए, मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो हर मैच के बाद लोगों से बात करता हो। उन्हें पता है कि वे अपने खेल में कहां खड़े हैं, अपने करियर में कहां खड़े हैं। हम एक मैच, एक सीरीज के आधार पर अपनी मानसिकता नहीं बदलते। संदेश काफी पहले ही दिए जाते हैं और उन्हें पता होता है कि वे कहां खड़े हैं और टीम की स्थिति क्या है। मुझे नहीं लगता कि मैं उनसे जो बात कर रहा हूं, उससे अलग कुछ बात करने जा रहा हूं।

उन्होंने कहा, यह बहुत सरल है, जिस किसी को भी अवसर मिलता है, उसे खेल पर प्रभाव डालने की कोशिश करनी चाहिए। यह एक सरल संदेश है जिसके बारे में हम बात करते रहते हैं और इस तरह के खिलाड़ियों का खेल खेलने के लिए इंतजार करना हमेशा अच्छा होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि शुभमन इस खेल से चूक गए, सरफराज को अवसर मिला और उन्होंने बड़ा शतक बनाया। यह टीम के लिए एक अच्छा संकेत है।

# सुल्तान जोहोर कप : भारत ने ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराया जोहोर



**बाहरू (मलेशिया) (एजेंसी)।** दिलराज सिंह और शारदा नंद तिवारी के 2-2 गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन को 6-4 से हराकर सुल्तान जोहोर कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। मोहम्मद कोनैन दाद (7वें मिनट) ने भारत का खाता खोला। इसके बाद दिलराज (17वें, 50वें मिनट), शारदा नंद (20वें, 50वें मिनट) ने गोल किए। इसके अलावा मनमीत सिंह (26वें मिनट) ने भी भारत की तरफ से गोल किया। ब्रिटेन की तरफ से रोरी पेनरोज (दूसरे, 15वें मिनट) और माइकल रॉयडेन (46वें, 59वें मिनट) ने 2-2 गोल करके मैच को रोमांचक बनाए रखा।

भारत ने शनिवार को जापान को हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने अपनी वही लय बनाए रखी। लेकिन वह ब्रिटेन था जिसने पहला गोल किया। उसकी तरफ से खेल के दूसरे मिनट में ही पेनरोज ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### युवाओं को हिमाचल सरकार देगी दिवाली गिफ्ट; छह पदों के घोषित होंगे नतीजे

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य चयन आयोग को दिवाली से पहले छह लंबित पदों के नतीजे घोषित करने के निर्देश दिए हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इनमें पोस्ट कोड 939 (जेओए आईटी) के लिए 295 पद, पोस्ट कोड 903 (जेओए आईटी) के लिए 82 पद, कॉपी होल्डर पोस्ट कोड 982, वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर पोस्ट कोड 992, साइकोलॉजिस्ट पोस्ट कोड 994 और वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर पोस्ट कोड 997 शामिल हैं। राज्य चयन आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकारी क्षेत्र में युवाओं को पारदर्शी और योग्यता आधारित रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इन छह लंबित पोस्ट कोड के नतीजों की घोषणा सरकारी नौकरी चाहने वाले राज्य के युवाओं के लिए दिवाली गिफ्ट होगी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने अब तक लंबित 21 पोस्टकोड के नतीजे घोषित करने को मंजूरी दी है। इनमें पोस्टकोड 817, 999 और 969 के परिणाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। हमने नतीजे घोषित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। हमने कहा कि छह परीक्षाओं के परिणाम दिवाली से पहले घोषित कर दिए जाएं। बाकी 12 पोस्टकोड के परिणाम नवंबर माह में घोषित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पहले दिन से हिमाचल प्रदेश सरकार सरकारी कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया था। इससे 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिला। हाल ही में सरकार ने महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी की है। सभी कर्मचारियों को दिवाली से पहले 28 अक्टूबर तक वेतन और पेंशन का भुगतान कर दिया जाएगा।

### केरल की वायनाड सीट से बेटी प्रियंका के लिए प्रचार करेंगी सोनिया गांधी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अपनी बेटी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के लिए केरल के वायनाड में प्रचार करेंगी, जो अपना पहला चुनावी मुकाबला लड़ रही हैं। राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में वायनाड के साथ-साथ रायबरेली से भी चुने गए थे। बाद में उन्होंने वायनाड से इस्तीफा दे दिया। इसके चलते यहां से उपचुनाव जरूरी हो गया है। वायनाड लोकसभा सीट पर 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके साथ ही पलक्कड़ और चेलाक्कारा विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा। 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। राज्य कांग्रेस नेताओं के अनुसार, सोनिया गांधी कई सालों के बाद केरल लौट रही हैं और मंगलवार को होने वाले रोड शो में उनके साथ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। राहुल गांधी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की एनी राजा पर 3,64,422 वोटों के अंतर से वायनाड लोकसभा सीट बरकरार रखी थी। हालांकि, यह उनके 2019 के प्रदर्शन के मुकाबले थोड़ा कम है, जब उन्होंने सीपीआई के पीपी सुनीर पर 4,31,770 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल की थी। राहुल गांधी के वायनाड लोकसभा सीट खाली करने के बाद, राज्य कांग्रेस इकाई ने प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें वायनाड से यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) उम्मीदवार घोषित किया।

### त्रिशूल से दादी की हत्या कर खून शिवलिंग पर चढ़ाया, सुसाइड की कोशिश

**दुर्ग, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक खौफनाफ वारदात सामने आया है। एक आदमी ने त्रिशूल से अपनी दादी की हत्या कर उनका खून शिवलिंग चढ़ाया। उसके बाद खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस इसे मानव बलि का संदिग्ध मामला बता रही है। पुलिस ने रविवार को बताया कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मानव बलि का एक संदिग्ध मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी दादी की हत्या कर दी और आत्महत्या करने की कोशिश करने से पहले उनका खून शिवलिंग पर चढ़ाया।

# कांग्रेस और उद्धव सेना में सीटों पर भारी तकरार, बैठकें तक रद्द

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ठीक एक महीना बाकी है, लेकिन अब तक विपक्षी गठबंधन एमवीए ने सीट शेयरिंग फॉर्मूला पेश नहीं किया है। खबरें ये भी हैं कि कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) के बीच तनातनी ज्यादा चल रही है। दोनों ही दलों के दिग्गज दिग्गज नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) चीफ शरद पवार के द्वार पहुंचे हैं। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को एआईसीसी की चुनाव और स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें होना थीं, लेकिन सीट शेयरिंग में सहमति नहीं बनने के चलते ये रद्द हो गईं। कहा जा रहा है कि समितियां अगले 1-2 दिनों में फिर मीटिंग कर सकती हैं। इधर, शनिवार को एमवीए में सीट शेयरिंग पर दोबारा बातचीत शुरू हो गई थी। अखबार से बातचीत में कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि



अगर सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बनती है, तो पार्टी किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने भी कहा है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। शनिवार को ही कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्नीथला ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्ध ठाकरे और पवार से मुलाकात की थी। खबर है कि शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे और एमएलसी अनिल परब ने भी सीनियर पवार से मुलाकात की है। अखबार के अनुसार, पदाधिकारियों का कहना है कि मीटिंग घोषणापत्र के चलते की गई थी, लेकिन राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सीट पर छिड़ी रार अभी पूरी तरह शांत नहीं हुई है। यह खासतौर से शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के बीच जारी है। रविवार के उद्धव ठाकरे ने भी मातोश्री में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। एआईसीसी की तरफ से भी सीडब्ल्यूसी के सदस्य नसीम खान को स्थिति संभालने के लिए मैदान में उतारा गया है। उन्होंने अखबार को बताया, विवादित सीटों को लेकर शरद पवार से मेरी छोटी सी मुलाकात हुई है। एमवीए के सूत्रधार होने के नाते उन्होंने उद्धव ठाकरे और संजय राउत दोनों से मुलाकात की है। मुझे भरोसा है कि शरद पवार के हस्तक्षेप के बाद विवाद सुलझ जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के पदाधिकारी ने शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) को लेकर कहा, उनकी मांग वास्तविक नहीं हैं। वे ऐसी सीटों की मांग कर रहे हैं, जहां उनकी मौजूदगी लगभग शून्य है।

## पराली जलाने पर हरियाणा सरकार का सख्त ऐक्शन, 38 किसानों के एमएसपी पर फसल बेचने पर लगी रोक

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में कृषि और किसान कल्याण विभाग ने 38 किसानों को अगले 2 खरीद सत्रों में एमएसपी पर फसल बेचने से रोक लगा दी है। पराली जलाने पर अंकुश लगाने के मकसद से ये कड़ा कदम उठाया गया है। विभाग के निदेशक की ओर से जारी सर्कुलर के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। इन किसानों के मेरी फसल, मेरा ब्योरा रिकॉर्ड में रेड एंट्री दर्ज की गई है। इससे ई-खरीद पोर्टल के जरिए फसल बेचने पर रोक लग जाएगी, जो एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करती है। विभाग की ओर से जो सर्कुलर जारी किया गया, उसमें कड़ी कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया गया है। इसमें पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना और 2 सत्रों के लिए खरीद प्रक्रिया से बाहर करने की खातिर चिह्नित करना शामिल है। ऐसी घटनाओं को रोकने में लापरवाही करने वाले सरकारी अधिकारियों को नतीजे भुगतने की भी चेतावनी दी गई। करनाल के उप कृषि निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने कहा, हमने पहले 9 एफआईआर दर्ज की थीं। ताजा निर्देशों के बाद दोषी किसानों के एमएफएमबी रिकॉर्ड में रेड एंट्री भी दर्ज कर ली गई। सैटेलाइट डेटा के अनुसार, पराली जलाने के नियमों का उल्लंघन करने पर 39 किसानों पर 1,07,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार को पराली जलाने के मामलों में किसानों पर कार्रवाई का फैसला वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को पराली का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करके किसानों से इसकी खरीद करनी चाहिए। पराली जलाने को लेकर सरकार की ओर से किसानों पर की गई कार्रवाई पूरी तरह निंदनीय है। सरकार को यह किसान विरोधी फैसला वापिस लेना चाहिए।

## गुरुग्राम में हुई ठगी की एफआईआर, जयपुर से यूको बैंक के डिप्टी मैनेजर सहित 2 गिरफ्तार, क्या है मामला

**गुरुग्राम एजेंसी।** जालसाजों को ठगी की रकम ट्रांसफर करने के लिए बैंक खाता मुहैया करवाने के आरोप में गुरुग्राम साइबर थाना पश्चिम की पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए इन आरोपियों में से एक यूको बैंक का डिप्टी मैनेजर है। आरोपी जालसाजों के साथ मिलीभगत कर फर्जी पते पर करंट अकाउंट खोलते थे। अकाउंट के बदले में दोनों आरोपी सात-सात हजार रुपये लेते थे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि यह आरोपी ने अभी तक जालसाजों को सात बैंक खाते उपलब्ध करवा चुके हैं। साइबर पुलिस विभिन्न ठगी के मामलों की जांच करते हुए 21 बैंक अधिकारी और कर्मचारियों का गिरफ्तार कर चुकी है।

एसीपी साइबर प्रियांशु दीवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 जुलाई को गुरुग्राम साइबर थाना पश्चिम में 24 लाख 60 हजार रुपये की ठगी की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। जालसाज ने पीड़ित से शेयर बाजार में रुपये निवेश कराने के नाम पर ठगी को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए 19 अक्टूबर को कनिष्क विजयवर्गीय और और राम अवतार को गिरफ्तार किया।

## अब दरगाहों के भी दर्शन करवाएगी महाराष्ट्र सरकार, योजना में नई जगहें जोड़ीं



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही महायुती सरकार ने कई योजनाओं की शुरुआत की थी। इनमें से ही एक तीर्थ दर्शन योजना में अब सरकार ने कई दरगाहों को भी शामिल कर लिया है। इसमें हाजी अली दरगाह, मुंबई, हाजी मलंग दरगाह कल्याण और दिवानशाह दरगाह भिवंडी शामिल हैं। मुस्लिमों के अलावा पारसियों, बौद्धों और जैन समुदाय के पवित्र स्थानों को भी इस लिस्ट में शामिल किया गया है।

तीर्थ दर्शन योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार 60 साल से ज्यादा के वरिष्ठ नागरिकों को किसी एक तीर्थ के दर्शन के लिए प्रति व्यक्ति 30 हजार रुपये की मदद देती है। हालांकि शर्त यह है कि व्यक्ति की पारिवारिक आय 2.5 लाख से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इस योनजा का प्रस्ताव 15 अक्टूबर को जारी किया गया था। इसके तहत महाराष्ट्र के 95 और महाराष्ट्र के बाहर के 15 पवित्र स्थलों को जोड़ा गया था। महायुती सरकार के इस कदम को चुनावी फायदे की योजना के तौर पर भी देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि चुनाव से पहले अल्पसंख्यकों के स्थलों को स्कीम में जोड़ना वोटबैंक तैयार कनरे का खेल है। समाजवादी विधायक रईस शेख ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह सब महायुति सरकार केवल राजनीतिक फायदे के लिए कर रही है। उन्होंने कहा, जब जुलाई में स्कीम शुरू की गई थी तभी सवाल किया गया था कि इसमें एक भी मुस्लिमों के स्थल को क्यों नहीं शामिल किया गया। मैंने खुद सीएम शिंदे को पत्र लिखा था कि इसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी शामिल किया जाए। मुझे खुशी है कि अब कई स्थानों को इसमें जगह दी गई है। शेख ने कहा कि चुनाव से पहले मुस्लिमों के स्थानों को शामिल करना, सरकार की मंशा दिखाता है। महाराष्ट्र संतों की भूमि है। इस राज्य में सूफी संतों की दरगाहें हैं और वहां हिंदू भी जाते हैं। राज्य में हाजी अली और हाजी मलंग की दरगाह है। इतिहास जानते हुए भी सरकार ने इन्हें योजना में शामिल नहीं किया था। इसे उसके स्वभाव के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है।

## कनाडा की राजनीति में फिर पंजाबियों की बल्ले-बल्ले ! ब्रिटिश कोलंबिया चुनावों में 10 पंजाबी जीते



**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा की राजनीतिक में एक बार फिर पंजाबी सफलता के झंडे गाढ़ रहे हैं। एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, हाल ही में ब्रिटिश कोलंबिया (बीसी) प्रांतीय चुनावों में 10 पंजाबी मूल के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है और एक आगे चल रहा है, जिससे कनाडाई राजनीति में समुदाय का प्रभाव और मजबूत हुआ है। यह जीत ऐसे समय में मिली है जब इंडो-कैनेडियन आबादी, विशेष रूप से पंजाबी समुदाय प्रमुखता से लगातार बढ़ रहा है, खासकर ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में। कांटे की टक्कर में एनडीपी और कंजर्वेटिव ने क्रमशः 46-45 सीटें जीती हैं, जबकि ग्रीन पार्टी 93 सीटों वाले बीसी हाउस में दो सीटों पर जीत हासिल करने में सफल रही। ये सफल उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक पृष्ठभूमि से हैं, जो न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी और कंजर्वेटिव पार्टी दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे स्वास्थ्य सेवा सुधार, आर्थिक विकास, जलवायु कार्रवाई और अप्रवासी समुदायों के लिए अधिक समर्थन जैसे मुद्दों की वकालत करते हुए विविध मंचों पर चुनाव लड़े।

इस चुनावी जीत को कनाडा की राजनीति में दक्षिण एशियाई, विशेष रूप से पंजाबियों के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम के रूप में देखा जाता है, जो एक ऐसे समुदाय को और सशक्त बनाता है जो कनाडा के सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन का अभिन्न अंग रहा है।प्रमुख विजेताओं में मौजूदा आवास मंत्री रवि कहलोन भी शामिल थे, जिन्होंने डेल्टा नॉर्थ सीट को महत्वपूर्ण अंतर से बरकरार रखा। बीसी के राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख व्यक्ति कहलोन आवास और जलवायु परिवर्तन से संबंधित नीतियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। एक अन्य उल्लेखनीय विजेता ब्रिटिश कोलंबिया की विधान सभा के निवर्तमान अध्यक्ष राज चौहान हैं। उन्होंने रिकॉर्ड छठी बार जीत हासिल की है और इससे पहले 2013 से 2017 तक विधान सभा के सहायक उपाध्यक्ष और 2017 से 2020 तक उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। विपक्ष में रहते हुए, उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, मानवाधिकार, आव्रजन और बहुसंस्कृतिवाद और श्रम के आलोचक के रूप में कार्य किया।

वे पहली बार 2005 में विधायक चुने गए और फिर 2009, 2013, 2017, 2020 और 2024 में फिर से चुने गए। व्यापार राज्य मंत्री जगरूप बरार ने सर्रे फ्लीटवुड से सातवीं बार जीत हासिल की है। वे 2013 में सिर्फ़ एक बार हारे थे और उन्होंने जितने भी चुनाव लड़े, सभी जीते। बरार का जन्म बठिंडा में हुआ था और वे भारतीय पुरुषों की राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम का हिस्सा थे। वे पढ़ाई के लिए कनाडा चले गए और वहीं बस गए।

## अमेरिकी चुनाव-मैकडॉनल्ड्स में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बनाए फ्राइज

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को फिलाडेल्फिया के मैकडॉनल्ड्स फ्रैंचाइज में लोगों को सर्व करते दिखे. वहीं, उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अटलांटा में समर्थन जुटाने के लिए पूजा-अर्चना में भाग लिया.

शर्ट और टाई के ऊपर एप्रन पहने ट्रंप ने फ्राइज बनाए और मैकडॉनल्ड्स के कर्मचारियों से बातचीत की. ट्रंप ने कहा कि वास्तव में, इसे सही तरीके से और तेजी से करने के लिए बहुत विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है. उन्होंने कहा कि मुझे यह काम पसंद है. अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप का मैकडॉनल्ड्स का दौरा हैरिस के कॉलेज के दिनों में फास्ट-फूड चेन में काम करने के बयान के जवाब में हुआ.



दूसरी ओर, हैरिस ने अटलांटा में अपने 60वें जन्मदिन पर दो पूजा-अर्चना में भाग लिया. जॉर्जिया के जोन्सबोरो में डिवाइन फेथ मिनिस्ट्रीज़ इंटरनेशनल की अपनी यात्रा के दौरान, प्रसिद्ध संगीतकार स्टीवी वंडर ने अपना हिट हायर ग्राउंड और बॉब मार्ले के रिडेम्पशन सॉन्ग का एक संस्करण गाकर पेश किया. अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार कि उन्होंने हैरिस के लिए हैप्पी बर्थडे भी गाया. जॉर्जिया में जनता को संबोधित करते हुए हैरिस ने कहा कि इस समय हमारे देश में, हम जो देख रहे हैं वह यह है कि कुछ लोग हमारे बीच विभाजन को गहरा करने, नफरत फैलाने, डर फैलाने और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस समय, हमारा देश एक चौराहे पर है और हमें कहां जाना है यह हम पर निर्भर करता है. इससे पहले मिशिगन में हैरिस के अभियान के दौरान गायिका और रैपर लिजो ने डेमोक्रेट को अपना समर्थन दिखाया. डेट्रॉइट की मूल निवासी संगीतकार ने भीड़ से कहा कि मैंने पहले ही मतदान कर दिया है और मैंने हैरिस के लिए मतदान किया है. मिशिगन में, हैरिस ने गाजा में युद्ध विराम के लिए अपने आह्वान को दोहराने का भी अवसर लिया. उन्होंने मीडिया से कहा कि यह एक ऐसा अवसर पैदा करता है जिसका मुझे विश्वास है कि हमें पूरा लाभ उठाना चाहिए - इस युद्ध को समाप्त करने और बंधकों को घर वापस लाने के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए. अमेरिका में दो सप्ताह से भी कम समय में चुनाव होने वाले हैं।

# अमेरिका का पेनसिल्वेनिया राज्य तय करेगा कौन बनेगा राष्ट्रपति ! पानी की तरह पैसे बहा रहे ट्रंप और कमला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को होने वाले हैं और दोनों ही उम्मीदवारों, डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर होने का अनुमान है, लिहाजा कौन राष्ट्रपति बनेगा, ये अब स्विंग स्टेट पर निर्भर हो गया है।

अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाला राज्य पेंसिल्वेनिया 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए ग्राउंड जीरो बनकर उभरा है। राजनीतिक एक्सपर्ट्स का मानना ??है, कि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच राज्य में कड़ी टक्कर होने वाली है। राष्ट्रपति पद की दौड़ जीतने के लिए 270 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों की जरूरत होती है और अमेरिका के 50 राज्यों में से प्रत्येक में इलेक्टोरल कॉलेज वोटों की संख्या अलग-अलग है। पेंसिल्वेनिया में 19 जबकि डेमोक्रेटिक गढ़ कैलिफोर्निया में 54 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हैं, उसके बाद टेक्सास, जो रिपब्लिकन का गढ़ है, वहां 40 इलेक्टोरल कॉलेज हैं। आपको बता दें, कि 5 नवंबर को जो वोटिंग होने वाली है, उसमें जो उम्मीदवार जीतेगा, उसे विजेता नहीं माना जाएगा, बल्कि जो उम्मीदवार इलेक्टोरल कॉलेज में 270 से ज्यादा वोट लेकर आएगा, उसे विजयी माना जाएगा। लिहाजा आप कह सकते हैं, कि पॉपुलर वोट का कोई मतलब नहीं होता है। प्रत्येक राज्य में राजनीतिक समर्थन को देखते हुए, विशेषज्ञों ने पिछले मतदान पैटर्न के आधार पर किसी उम्मीदवार को मिलने वाले इलेक्टोरल कॉलेज वोटों की संख्या का पहले ही पता लगा लिया है, सिवाय सात बैटलग्राउंड





राज्यों के। ये सात राज्य हैं नेवादा, जिसके पास 6 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हैं, एरिजोना (11), विस्कॉन्सिन (10), मिशिगन (15), पेंसिल्वेनिया (19), जॉर्जिया (16) और नॉर्थ कैरोलिना (16)। तेजी से बदलते राजनीतिक माहौल के साथ, दोनों उम्मीदवार अब पेनसिल्वेनिया को जीतना जरूरी मानते हैं। कमला हैरिस और ट्रंप, दोनों के चुनाव अभियानों के हजारों स्वयंसेवक मतदाताओं को अपने नेताओं के लिए वोट देने के लिए मनाने के लिए इस युद्ध के मैदान वाले राज्य में पहुंचे हैं। हिल के डिसीजन डेस्क मुख्यालय ने हाल ही में एक पूर्वानुमान और मतदान औसत के विश्लेषण में बताया है, कि हमें नहीं लगता कि कोई भी उम्मीदवार पेनसिल्वेनिया जीते बिना 270 इलेक्टोरल वोट तक पहुंच पाएगा। प्रतिष्ठित वेबसाइट ने कमला हैरिस को 226 इलेक्टोरल कॉलेज वोट और ट्रंप को 219 वोट दिए हैं। एनबीसी न्यूज इलेक्शन डेस्क के मुताबिक, पेंसिल्वेनिया 2024 के चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण युद्ध के मैदान वाले राज्य के रूप में उभर रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 में पेंसिल्वेनिया में एक प्रतिशत से भी कम अंतर से जीत हासिल की थी और 2020 में लगभग एक प्रतिशत से हार गए थे। कमला हैरिस वहां प्रतिस्पर्धी बनी हुई हैं, लिहाजा राज्य को टॉस-अप के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यही कारण है कि हैरिस और ट्रंप, दोनों किसी भी अन्य स्थान की तुलना में पेंसिल्वेनिया में ज्यादा धन, समय और ऊर्जा डाल रहे हैं, और पूरे राज्य में विज्ञापन युद्ध छेड़ रहे हैं। द न्यू यॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है, कि 2024 में व्हाइट हाउस की दौड़ में सात मुख्य युद्धक्षेत्र हो सकते हैं, जिनमें से सभी निर्णायक साबित हो सकते हैं। लेकिन पेंसिल्वेनिया एक ऐसा राज्य है, जिसे कमला हैरिस और ट्रंप दोनों के शीर्ष रणनीतिकारों ने चुनाव में सबसे ज्यादा बढ़त के लिए चुना है। डेली के अनुसार, ट्रंप या खास तौर पर कमला हैरिस के लिए, इसके बिना जीत के लिए जरूरी 270 इलेक्टोरल कॉलेज वोट तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण है। हाल ही में फिलाडेल्फिया में अपने फॉल रिट्रीट प्रोग्राम के दौरान इसी निष्कर्ष पर पहुंची कि पेंसिल्वेनिया जीते बिना कमला हैरिस के जीतने का कोई रास्ता नहीं है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129